# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–259 । सागर, बुधवार, 8 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए


प्रधानमंत्री ने सीधी की सभा में कांग्रेस को लिया आड़े हाथ, कहा-

# भाजपा सरकार में बंद हुए घोटाले, योजनाओं में लगाया बचत का पैसा



**सीधी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने शासन काल में गरीब और मध्यम वर्ग को लूटने का काम किया था, लेकिन मोदी सरकार ने 10 साल में पूरी लगन से कार्य किए हैं। इन 10 वर्षों में घोटाले बंद हुए हैं, गरीब और मध्यम वर्ग की बचत हुई है, उन्हें अधिक सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने टेलीकॉम घोटाला और कोयला घोटाला करके कांग्रेस ने आपके लाखों-करोड़ रुपये लूट लिए। जबकि भाजपा सरकार वो लाखों करोड़ रुपये के घोटाले बंद होने से बचा पैसा गरीब और मध्यम वर्ग के हित में लगा रही हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी आज सीधी में भाजपा की चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने जहां कांग्रेस को भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों पर घेरा, वहीं उन्होंने भाजपा सरकार की योजनाएं का उल्लेख भी मंच से किया। उन्होंने बताया कि गरीब कल्याण अन्न योजना पर अब तक केंद्र सरकार 2 लाख करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। इससे 80 करोड़ देशवासियों को कोरोना के संकटकाल से लेकर अब तक मुफ्त राशन सुनिश्चित हुआ, गरीब के घर का चूल्हा जलता रहा। अब हमने मुफ्त राशन की इस योजना को आने वाले 5 साल के लिए बढ़ाने का निश्चय कर लिया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हम किसानों के खाते में पैसा जमा कर रहे हैं। इस योजना के तहत अब तक 2 लाख 60 हजार करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में जमा किए जा चुके हैं। इस योजना के 20 हजार करोड़ रुपये मध्यप्रदेश के किसानों के खातों में भी गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के लंबे शासनकाल में सबसे बुरी स्थिति दलित और आदिवासी बस्तियों की ही थी। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का सबसे अधिक लाभ हमारे गरीब और दलितों को ही हुआ है। उन्होंने कहा कि अनेक दशकों तक देश में पंचायत से लेकर संसद तक कांग्रेस का ही झंडा था, कांग्रेस की ही सरकारें थीं, लेकिन आज गिनती के कुछ राज्यों में ही इनकी सरकार बची है। उन्होंने कहा कि किसी राज्य से एक बार कांग्रेस गई, तो वहां के लोगों ने कांग्रेस को दोबारा घुसने नहीं दिया है। मध्यप्रदेश में भी 2 दशक से अधिक समय से कांग्रेस बहुमत के लिए तरस रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस उन्हें गाली देना कभी नहीं भूलती और वह उन्हें गाली देते-देते पिछड़ों को गाली देने लगती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग उत्थान नहीं किया।

## कांग्रेस ने प्रदेश को कुएं में धकेला

श्री मोदी ने कहा कि जिस मध्यप्रदेश को कांग्रेस ने बीमारू राज्य बना दिया था, भाजपा की सरकार ने उसे विकास के मामले में बहुत आगे पहुंचा दिया है। आज मध्यप्रदेश अन्न उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है, स्वच्छता के मामले में अग्रणी है। दो दशक पहले यहां बिजली का बड़ा संकट रहता था आज एमपी सरप्लस बिजली पैदा करता है। अब एमपी में पहले के मुकाबले पांच गुना ज्यादा मेडिकल कॉलेज हैं, सीधी में भी मेडिकल कॉलेज बन रहा है। एमपी की पहचान अब देश के एक महत्वपूर्ण औद्योगिक राज्य के रूप में होने लगी है। श्री मोदी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को यह पता नहीं होगा कि कांग्रेस ने देश के 100 जिलों पर पिछड़े होने का ठप्पा लगा दिया था, जिनमें से 8 जिले मध्यप्रदेश के थे। इनमें से अधिकतर आदिवासी बहुल जिले थे, जिनमें हमारे सिंगरौली और दमोह जैसे जिले भी शामिल थे। 2014 में आपने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाई। हमने इन जिलों में विकास का काम शुरू किया और आज ये जिले विकास के कई पैमानों पर देश के अन्य जिलों से भी आगे हैं।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल का काफिला दुर्घटना का शिकार, बाल-बाल बचे

# शिक्षक की मौत, 3 बच्चे गंभीर रूप से घायल



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा के स्टार प्रचारक केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि छिंदवाड़ा से नरसिंहपुर आते समय अमरवाड़ा के पास ये हादसा हुआ है।

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति समेत तीन स्कूली बच्चे घायल हुए हैं। हादसा उस समय हुआ जब प्रहलाद पटेल छिंदवाड़ा से जनसंपर्क कार्यक्रम निपटा कर नरसिंहपुर लौट रहे थे। सिंगोड़ी बाईपास के पास निजी स्कूल से बच्चों को लेकर लौट रहे एक शिक्षक की मोटर सायकिल को उनकी कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे भूरा मोहगांव निवासी निरंजन चंद्रवंशी बुरी तरह से जख्मी हो गए, जबकि उनके साथ बैठे तीन बच्चे भी घायल हो गए, तत्काल केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान मोटर सायकिल चला रहे भुला मोहगांव के रहने वाले शिक्षक निरंजन चंद्रवंशी (35) की मौत हो गई। घटना में घायल 3 बच्चों को जिला अस्पताल से नागपुर रेफर किया गया है। घायलों में सात वर्षीय निखिल और आठ वर्षीय संस्कार और 17 वर्षीय जतिन शमिल हैं। सात वर्षीय निखिल और आठ वर्षीय संस्कार को सिर पर गंभीर चोट आई है।

### प्रह्लाद पटेल के पैर में चोट

हादसे के दौरान प्रहलाद पटेल के पैर में भी मामूली चोट आई है। वहीं, उन्होंने तत्काल घायलों को अस्पताल भिजवाया। हादसे के कुछ देर बाद प्रहलाद पटेल दूसरे वाहन से नरसिंहपुर निकल गए। इस दौरान काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए थे, यहां से प्रहलाद पटेल के जाने के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा नारेबाजी भी की गई।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भोपाल में जनसभा को किया सम्बोधित

# भाजपा तोड़ने, कांग्रेस जोड़ने वाली पार्टी

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भोपाल का वातावरण गंगा-जमुनी तहजीब का वातावरण है जो, सबको मिलजुल कर रहना सिखाता है। लेकिन भाजपा और आरएसएस के लोग इस वातावरण को खराब करते हैं। भाजपा तोड़ने और कांग्रेस जोड़ने वाली पार्टी।

श्री खड़गे ने आज भोपाल मध्य विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग दियासलाई की डिब्बी को अपने जेब में रखते हैं और समाज के लोगों को आपस में भड़काकर उनमें आग लगाते हैं, ये कभी लोगों को समझाने की बात नहीं करते हैं, शांति की बात नहीं करते हैं, बल्कि लोगों को भड़काते हैं, गुमराह करते हैं। श्री खड़गे ने भाजपा पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया और कहा कि मैं भी पहली बार मध्यप्रदेश के इस क्षेत्र में आया हूं भाजपा की सरकार साढ़े 18 साल से प्रदेश में है, लेकिन इन्होंने फिर भी अपने वादे पूरे नहीं किए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में केवल चुनाव जीतना ही उद्देश्य नहीं होता है, लोगों के साथ मिलजुल कर काम करना भी होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की तरह कांग्रेस झूठे वादे नहीं करती, हमारी सरकार प्रदेश में आने के बाद बेरोजगारी खत्म करेगी और महंगाई पर लगाम कसेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी ने 2014 के चुनाव में कहा था कि हम हर साल युवाओं को 2 करोड़ रोजगार देंगे, महंगाई कम करेंगे, लेकिन यह दोनों काम नहीं किए।

उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस के लोगों ने आजादी की लड़ाई लड़ी और आजादी की लड़ाई लड़ने के बाद देश के निर्माण में जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में मजबूती से काम किया, बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर ने हमें एक ऐसा संविधान दिया जिसमें गरीबों, दलितों और महिलाओं को अधिकार दिया है। श्री खड़गे ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने बड़े-बड़े कारखाने बनाने का काम किया। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश में भी बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां लगाईं, जिससे कि लाखों लोगों को नौकरियां मिली, लेकिन भाजपा के लोग आज उन्हीं कारखानों और कंपनियों को बेचने का काम कर रहे हैं। भाजपा की सरकार बड़े लोगों के लिए काम कर रही है और गरीबों की सुध लेने को तैयार नहीं है। आरक्षण का लाभ सभी वर्गों को न मिले इसलिए नरेंद्र मोदी सरकार और शिवराज सरकार, सरकारी कंपनियों को बेचने का काम कर रही है, इस कारण सरकारी नौकरियां नहीं निकल रही हैं और बड़ी संख्या में लोग पलायन कर रहे हैं, जिससे प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि स्वयं को किसान का बेटा कहने वाले शिवराज सिंह चौहान आज किसानों की स्थिति पर चुप क्यों हैं? शिवराज की सरकार में भाजपा के लोग आदिवासियों पर पेशाब करते है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुशासन के खिलाफ अब जनता को एकजुट होना होगा। सभा में विधायक और मध्य विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आरिफ मसूद ने क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को जनता के पटल पर रखा और क्षेत्र की जनता को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में कमलनाथ सरकार बनने पर और अधिक विकास इस क्षेत्र का होगा।



## लोकतंत्र, संविधान और देश की एकता को बचाने के लिए चुनाव

**ग्वालियर, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह चुनाव उम्मीदवार या पार्टी के लिए नहीं बल्कि देश के लिए है। ग्वालियर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि हमारी सरकार में माताओं-बहनो को 1,500 रुपए प्रति महीना मिलेगा, 500 में गैस सिलेंडर मिलेगा, 100 यूनिट बिजली माफ और 200 यूनिट हाफ, किसान का कर्ज माफ, कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल होगी, किसानों को 12 घंटे सिंचाई के लिए बिजली देने का भी काम हमारी सरकार करने वाली है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग हाथी के दांत की तरह हैं, यह कहते कुछ हैं और करते कुछ और हैं। हम देश में एकता रखना चाहते हैं इसलिए आपसे कहेंगे कि यह चुनाव केवल किसी उम्मीदवार के लिए या किसी पार्टी के लिए नहीं है। यह देश की एकता के लिए चुनाव है और हम देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए आज चुनावी मैदान में हैं। खड़गे ने कहा कि मोदी जब मध्य प्रदेश आते हैं तो उन्हें व्यापम घोटाले की याद नहीं आती, उन्हें पटवारी घोटाला याद नहीं आता है।




# ईवीएम मशीन के द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को ईएमएस पोर्टल के माध्यम से ईवीएम मशीन का द्वितीय रेंडमाईजेशन किया गया। इस रेंडमाइजेशन के द्वारा विधानसभा निर्वाचन हेतु ईवीएम का रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि इस प्रक्रिया से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम का बूथवार चिह्नीकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मतदान प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी एवं निष्पक्षता से कराने के लिए ईवीएम का रेंडमाइजेशन किया गया है। विधानसभा का चुनाव कराने के लिए द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की मौजूदगी में संपन्न हुई।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक देवरी के लिए नियुक्त प्रेक्षक सुनील कुमार यादव, बीना के लिए नियुक्त प्रेक्षक प्रेमकुमार व्हीआर, नरयावली, रहली के प्रेक्षक अंबामुथन एमपी मौजूद रहे। रेंडमाइजेशन की इस प्रक्रिया से मतदान केंद्रवार ईवीएम रेंडमाईजेशन का किया गया है तथा उन्हें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आवंटित किये गए हैं। प्रेक्षकों ने जिला प्रशासन द्वारा संपन्न कराई गई ईवीएम मशीन के रेंडमाईजेशन की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 17 नवंबर को जिले में 2118 मतदान केन्द्रों पर मतदान किया जाना है जिसके लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम मशीन जिसमें सीयू, वीयू, वीवी पेट का अभ्यर्थियों की प्रतिनिधियों की उपस्थिति में द्वितीय रेड माइजेशन किया गया।

इस अवसर पर जिले के आठ विधानसभा के अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, एनआईसी से प्रशांत करोले सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पीस पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** लायंस ऑफ सागर द्वारा मंगलवार को शासकीय स्कूल गंभीरिया में पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लायंस क्लब सागर एवं डायमंड और झील क्लब ने मिलकर इस महा आयोजन को आयोजित किया। स्कूल प्राचार्य की सहमति से सभी बच्चों ने इस प्रतियोगिता में सहभागिता की मिडिल स्कूल के लगभग 150 छात्र-छात्राओं के द्वारा विशेष थीम पर कलाकृतियां उखेरी गई और छात्रों को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार स्मृति चिन्ह सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार सेसे सम्मानित किया गया। शासकीय स्कूल में इस तरह का आयोजन होने से स्कूल प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों ने लायंस क्लब के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष सुनील सागर, मनीष नायक, अंजू अजमानी, एमके जैन, संजय जैन, निलेश सिंघई, महेश श्रीवास्तव, सुष्मिता ठाकुर, आरडी शर्मा सहित सभी लायन साथी उपस्थित थे।

## फंदे पर झूलता मिला युवक का शव

**सागर, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ग्राम पथरिया जाट के युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार वालों ने देखा तो तत्काल फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार विशाल पिता जगन्नाथ तिवारी उम्र 22 साल निवासी पथरिया जाट ने घर में अज्ञात कारणों के चलते फंदा लगा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई ब्रजेश तिवारी ने बताया कि मृतक आटो चलाने का काम करता था। वह घर आया और खाना खाने के बाद सोने चला गया। तभी उसने अज्ञात कारणों के चलते फंदा लगा लिया। परिवार के सदस्यों ने उसे फंदे पर झूलता देखा तो रस्सी काटकर नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने विशाल को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया है। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

### सराफा दुकान में चोरी

**सागर, देशबन्धु।** मोतीनगर थाना क्षेत्र के धर्मश्री इलाके में श्रेया ज्वेलर्स में बदमाशों ने सेंध लगाई। चोर शटर का ताला तोड़कर अंदर पहुंचे और सोने.चांदी के गहने ले भागे। वारदात सामने आते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार विवेकानंद वार्ड बड़ा बाजार निवासी अमित पुत्र जुगलकिशोर सोनी ने थाने में शिकायत में बताया कि वह धर्मश्री में उत्तम अहिरवार के मकान में किराये से शटर लेकर ज्वेलर्स की दुकान संचालित करता हूं। रात को दुकान में ताला लगाकर घर चला गया था। सुबह मकान मालिक ने सूचना दी कि दुकान के ताले टूटे हुए हैं और आधा शटर खुला है। जानकारी मिलते ही फरियादी परिवार के साथ पहुंचा। जहां देखा तो दुकान का शटर खुला था। ताला टूटा था। दुकान में रखी 12 अंगूठी, 13 चांदी की राखियां, 3 सिक्के, एक सोने का लॉकेट, सोने की लोंग, नथ और नकद करीब एक हजार रुपए चोर लेकर भागे है। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

# पं.रविशंकर स्कूल ने मतदान हेतु घर-घर जागरूक करने का दिया संदेश



**सागर, देशबन्धु।** पं.रविशंकर शुक्ल ईएफए विद्यालय में वोट के लिए आवश्यक मतदान हेतु अपने माता पिता व मतदाताओं को 17 नवम्बर को अनिवार्यत: वोट देवें सारे काम छोड़कर भेजने का विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने संकल्प लिया एवं छात्राओं ने 100 प्रतिशत वोट की मानव श्रंखला बनाई एवं जनता से 100 प्रतिशत मतदान की अपील की और साकार किया नारा सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी ने लोकतंत्र देश में चुनाव एवं एक-एक वोट का महत्व बताया इस आकृति एवं मानव श्रंखला में विद्यालय की लगभग 1200 छात्रायें मानव श्रंखला का हिस्सा बनी। कार्यक्रम में संचालन डॉ. शुभा मिश्रा ने किया। नारे डॉ. नाहिद परवीन ने बुलवाये कार्यक्रम में आकृति निर्माण रिंकी राठौर के निर्देशन में बनाई गई। पं. रविशंकर शुक्ल ने निर्वाचन कार्य में हमेशा उत्साह के साथ भाग लिया है। मंगलवार की सुबह कलेक्टर, अपर कलेक्टर एवं विश्वविद्यालय की कुलपति की अगुवाई में हुई महिला वाहन रैली में भी पं. रविशंकर शुक्ल विद्यालय की 37 एवं संकुल अंतर्गत 45 शिक्षिकाओं ने दो पहिया वाहन रैली में योगदान दिया। इस अवसर पर लक्ष्मी पटैल, डॉ. शुभा मिश्रा एवं रिंकी राठौर की अगुवाई में वाहन रैली में डॉ. नाहिद परवीन खान, सरोज जैन, दीप्ति द्विवेदी, नीलोफर खान, पूजा खरे, ऋतु कटोर, ट्विंकल ताम्रकार, अर्चना जैन, पूजा सोनी, अरूणा जैन, मधुलिका जैन ने उत्साह के साथ विश्वविद्यालय स्थित डॉ. हरिसिंह गौर की मूर्ति से बटालियन ग्राउण्ड तक सम्पन्न कराई।

### नहाते समय शैंपू आंखों में जाने से हुई जलन

## दो बच्चों समेत चार को अस्पताल में कराया भर्ती

**सागर, देशबन्धु।** रहली क्षेत्र के ग्राम कासल पिपरिया में शैंपू से नहाने के बाद एक ही परिवार के दो बच्चों समेत दो महिलाओं को आंखों से दिखना कम हो गया है। आंखों में जलन होने के कारण उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर इलाज कराया। जहां से उन्हें रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार कासल पिपरिया निवासी नत्थी बाई लोधी उम्र 70 साल, बतीबाई लोधी उम्र 50 साल, प्रताप सिंह लोधी उम्र 7 साल, उमा लोधी उम्र 9 साल ने रविवार को शैंपू से नहाया था। नहाते समय शैंपू उनकी आंखों में चली गई। जिस कारण आंखों में जलन हुई। लेकिन वह घर पर ही रहे और ठीक होने का इंतजार किया। लेकिन जलन बढ़ती गई और मंगलवार को आंखों से साफ दिखना बंद हो गया। स्थिति को देखते हुए परिवार के लोग तत्काल महिला और बच्चों को लेकर रहली स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने चारों मरीज का प्राथमिक इलाज किया। उन्हें बेहतर इलाज के लिए सागर रेफर किया गया है। डॉ. गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कासल पिपरिया से 4 लोग आए थे। उन्होंने बताया कि कोई शैंपू लगाने से उन्हें स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहा था। आंखों मे जलन हो रही थी। उनका उपचार कर सागर रेफर किया है। कई बार लोकल शैंपू में केमिकल की मात्रा ज्यादा कम होने से ऐसी दिक्कत हो सकती है। परिवार के कमलेश लोधी ने बताया कि 10 से 15 दिन पहले रहली से सुंदर सेठ की दुकान से किराने का सौदा लिया था। सौदे में शैंपू भी ली थी। रविवार को शैंपू से चारों ने नहाया। उसके बाद आंखें लाल हो गई और जलन होने लगी। धीरे-धीरे उन्होंने आंखे खोलना बंद कर दिया। जिसके बाद उन्हें अस्पताल लेकर गये।

## श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** सुदत्त सागर और क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर के सान्निध्य में पं. उदयचंद परसोरिया के निर्देशन में श्री 1008 ऋषभ नाथ जैन मंदिर अंकुर एक्सटेंशन में चल रहे सिद्ध चक्र विधान में अति हर्षोल्लाह से आदिनाथ भक्तांबर महिला मंडल द्वारा द्रव्य समर्पित की गई इसमें सौधर्म इंद्र और सचि इंद्राणी बनने का परम सौभाग्य सचिन जैन रानी जैन कुबेर इंद्र और धनश्री वीरेंद्र प्रधान और मीना प्रधान को को प्राप्त हुआ। इसमें संध्या कालीन महाआरती सौधर्म इंद्र परिवार और कुबेर परिवार के द्वारा 48 दीपों से संगीतमय भक्तामर के पाठ के साथ संपन्न किया गया।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने मिष्ठान भंडारों के लिए नमूने



**सागर, देशबन्धु।** दीपावली के त्यौहार के अवसर पर संभागायुक्त एवं कलेक्टर दीपक आर्य के आदेश पर खाद्य सुरक्षा सुरक्षा अधिकारी प्रीति राय ने जिले के विभिन्न क्षेत्र में निरीक्षण किए गए। निरीक्षण के द्वारा शुद्ध मिठाई बनाने, साफ सफाई हेतु निर्देश के साथ विक्रय किए जाने वाली खाद्य सामग्री की उत्पादन तिथि एवं उपयोग की तिथि अंकित करना अनिवार्य है। ऐसे निर्देश दिए गए प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु लिए गए। राजस्थान मिष्ठान सिविल लाइन से मिल्क केक, मथुरा पेडा के नमूने लिए गए, नटराज स्वीट सिविल लाइन से मगज लड्डु, काजू कतली के नमूने लिए गए एवं विक्रय हेतु रखी गई मिठाई के सामने उत्पादन तिथि अंकित नहीं होने पर कार्यवाही की गई। जनता होटल मकरोनिया चौराहा से मावा का नमूना लिया गया और साथ ही साफ सफाई के निर्देश दिए गए।

## मतदाता जागरूकता के लिए निकाली रैली



**सागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. ज्योति चौहान एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी द्वारा आज मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. आर.एस जयंत चिकित्सक स्टॉप उपस्थित रहा। साथ ही सभी को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कलेक्टर, रिटर्निंग अधिकारी और बीएलओ होंगे पुरस्कृत

**सागर, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा निर्वाचन के लिए प्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होगा। प्रदेश में इस बार मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी और बीएलओ को नकद राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह नवाचार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि निर्वाचन कार्य में बीएलओ की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले शीर्ष 3-3 बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। इस तरह से प्रदेश के 690 बीएलओ को पुरस्कार के रूप में 5-5 हजार रुपये की नकद राशि व प्रशस्ति पत्र भेंट की जाएगी। इसी प्रकार स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 230 विधानसभा क्षेत्रों में से शीर्ष.3 विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों को 1-1 लाख रुपये और शीर्ष .3 कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला नोडल अधिकारी स्वीप को संबंधित विधानसभा क्षेत्र एवं जिले में स्वीप गतिविधियों के लिए 5-5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। चयनित अधिकारियों कर्मचारियों को यह पुरस्कार 25 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्यपाल द्वारा भव्य एवं गरिमामय सम्मान समारोह में दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री के रोड शो का भाजपा नेता प्रदीप राजोरिया के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया



**सागर, देशबन्धु।** श्री प्रेम प्रसारणी सनाढ्य सभा युवा मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के प्रदेश पेनालिस्ट प्रवक्ता प्रदीप राजोरिया के नेतृत्व में मंच से और जेसीबी मशीन पर सवार होकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सागर में रोड शो के दौरान भूतेश्वर मंदिर के पास श्री प्रेम प्रसारणी सनाढ्य सभा के वरिष्ठ जनों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद राजबहादुर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठया, भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र जैन, महापौर संगीता तिवारी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के ऊपर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत कर अभिनंदन किया।

## विभिन्न वर्गों में अलग-अलग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**सागर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब सागर सेन्ट्रल एवं इनरव्हील क्लब सागर सेन्ट्रल की तरफ से स्कूल में विभिन्न वर्गों में अलग-अलग प्रतियोगिता आयोजित कराई। जैसे रंगोली सजाओं, चित्रकला, दिया सजावट, फैन्सी ड्रेस का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में अध्यक्ष रोटरी क्लब सागर सेन्ट्रल विजय भूषण, सचिव अनुराग चौधरी, कोषाध्यक्ष अभिनय जैन, दिनेश जैन उपस्थित रहे। विजयी बच्चों को पुरस्कार का वितरण इनरव्हील क्लब सागर सेन्ट्रल की अध्यक्षा ममता भूषण, सचिव प्रीति चौधरी, दीप्ति चंदेरिया, हिना गुप्ता, नेहा जेन, छाया अग्रवाल, रेनू जैन ने विजयी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। अवध साहू एवं ज्योति साहू ने आभार व्यक्त किया।

## बालिका को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त हरिसिंह अहिरवार को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा 366 के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड धारा.376(3) के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा.506 (भाग.2) के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड तथा पाक्सो एक्ट की धारा.5(एल)/6 के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। न्यायालय द्वारा बालिका के पुर्नवास के लिये उसे क्षतिपूर्ति के रूप में युक्तियुक्त प्रतिकर 4,00000 रूपये दिये जाने का आदेश दिया गया। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता ने 8 जून 2022 को थाना मोतीनगर में रिपोर्ट लेख कराई कि अभियुक्त हरिसिंह अहिरवार बार-बार उससे कहता था कि तुम हमसे बात कर लो। 5 जून 2022 को अभियुक्त हरिसिंह पीड़िता को बहला फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ जबरजस्ती गलत काम किया तथा किसी को बताने पर पीड़िता व उसके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी। 6 जून 2022 को भी अभियुक्त धमकी देकर बालिका को अपने घर ले गया और उसके साथ गलत काम किया और किसी को बताने पर जान से खत्म करने की धमकी दी इसलिए उस दिन डर के कारण उसने घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। 8 जून 2022 को बालिका ने पूरी घटना अपनी मां को बताई फिर उनके साथ पुलिस थाना जाकर रिपोर्ट की। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया, विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये सजा से दंडित किया।

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–259 । सागर, बुधवार, 8 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

# विष्णु को तीसरी बार विधायक बनाओ, क्षेत्र में खेलों का विकास मैं करुंगाः अनुराग



**बैरसियाए देशबन्धु।** आप युवा और ऊर्जावान भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री को तीसरी बार विधायक बनाओ, मैं बैरसिया क्षेत्र में खेलों के क्षेत्र में इतना विकास करूंगा कि यहाँ के युवा खेलों में पदक हाँसिल करेंगे । यह बात केंद्रीय सूचना, प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रुनाह में भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

श्री ठाकुर ने कहा कि राजस्थान महिलाओं के साथ इतना अत्यचार हो रहा है कि आँकड़े किसी से छुपे नहीं है। इसके बाद भी प्रियंका गाँधी राजस्थान में नहीं जा रही है, क्योंकि वहाँ क्या जबाब देगी। इधर छत्तीसगढ़ में घोटाले पर घोटालो के बाद अब महादेव एप्प से करोड़ों का घोटाला कर डाला। लेकिन जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने है। तब से देश आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था में हम आज अंग्रेजों को पीछे छोड़ कर पांचवे स्थान पर है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि अपने बच्चों को खिलाड़ी बनाना चांहते है तो विष्णु खत्री को जिताकर हैट्रिक बनाओ।

इस दौरान भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने कहा कि हमने पूरे विधानसभा में तो विकास किया ही है। रुनाह में औद्योगिक क्षेत्र के लिए जगह चिन्हित हो चुकी है। आगामी समय में रुनाह को नगर पंचायत बनाने का प्रयास करेंगे। यहाँ पर महाविधालय बनाएंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष केदारसिंह मंडलोई, पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह राठौड़, विधानसभा प्रभारी गोपाल सिंह मीणा, गोविंदराम गुर्जर, राजमल गुप्ता सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# चुनावी प्रशिक्षण में दूसरे दिन 72 कर्मचारी गायब रहे

## गैर हाजिर कर्मचारी 9 नवंबर को लेंगे प्रशिक्षण, वरना होंगे निलंबित



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में चुनावी प्रशिक्षण के दूसरे दिन कुल 72 कर्मचारी गायब रहे। इस तरह दो दिन में कुल 172 कर्मचारी गैर हाजिर रहे। इनके लिए 9 नवंबर को प्रशिक्षण का कार्यक्रम तय किया गया है। यदि इसमें भी वे गायब रहते हैं तो निलंबित होंगे। इधर, पहले दिन परीक्षा में फैल होने वाले 98 कर्मचारियों ने मंगलवार को दोबारा प्रशिक्षण लिया। वहीं आज प्रशिक्षण के बाद परीक्षा देने वाले 42 कर्मचारी फैल हो गए। बुधवार को ट्रेनिंग का आखिरी दिन है।

मोतीलाल विज्ञान कॉलेज और महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में भोपाल के कुल 9 हजार 18 कर्मचारियों को 3 दिन तक चुनावी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा उन्हें ईवीएम, मॉक पोल, वोटिंग, मतदान सामग्री लेने से लेकर जमा कराने तक की प्रक्रिया सिखाई जा रही है। सोमवार को कुल 3 हजार 376 कर्मचारियों का प्रशिक्षण रखा गया था। लेकिन इनमें से 3 हजार 276 कर्मचारी मौजूद रहे थे, जबकि सौ कर्मचारी गायब थे। मंगलवार को कुल 3 हजार 288 मतदान कर्मियों ने प्रशिक्षण लिया। इस दिन 72 कर्मचारी गायब रहे। इस तरह दो दिन में कुल 172 कर्मचारी गैर हाजिर रहे। इन्हें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने नोटिस थमाए हैं। वहीं, इनके लिए मोतीलाल विज्ञान कॉलेज में 9 नवंबर को दो पालियों में सुबह 8 से 12 एवं दोपहर 12 से 3 बजे पुनः प्रशिक्षण आयोजित गया है। अनुपस्थित मतदानकर्मियों को इसमें अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी यदि वे नहीं आते हैं तो उन्हें निलंबित किया जाएगा।

## बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं पहली बार घर बैठे किया मतदान

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के 80 वर्ष से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग या फिर ऐसे मतदाता, जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं और 17 नवंबर को मतदान केन्द्रों तक नहीं जा सकेंगे, उनके लिए पहली बार वोट फ्रॉम होम सुविधा दी जा रही है। यह सुविधा भोपाल में मंगलवार से शुरू हुई। इसके तहत मंगलवार को बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के 1 हजार 566 वोट डाले गए। पुलिस सुरक्षा के बीच मतदान दल ने ऐसे बुजुर्गों और दिव्यांगों के घर तक पहुंचकर मत पत्र डलवाए गए। पूरी प्रोसेस की वीडियोग्राफी भी हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय ने बताया भोपाल जिले की सभी 7 विधानसभाओं में 80 वर्ष से ज्यादा उम्र के कुल 27 हजार 89 मतदाता हैं, जबकि 15 हजार 747 दिव्यांग मतदाता हैं। ऐसे बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता, जो पोलिंग बूथ पर नहीं जा सकते, बीएलओ ने उनसे कुछ समय पहले फार्म भरवाए थे। इसी आधार पर आज से बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया शुरू की गई। 8 और 9 नवंबर को भी मतदान लिए घर-घर टीमें पहुंचेंगी। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता सुबह 9 से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकेंगे।

# बीएसएनएल के नाम पर हो रही धोखाधड़ी, सलाह जारी




भोपाल, देशबन्धु। देश की प्रतिष्ठित दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के नाम से व्हटसअप पर केवायसी आद्यतन कराने का संदेश भेजकर ठगी करने वाले साइबर ठगों का निरोह सक्रिय है। इसकी जानकारी लगने पर बीएसएनएल प्रबंधन ने अपने उपभोक्ताओं को इस गिरोह से सतर्क करने की सलाह जारीकी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार साइबर ठग गिरोह के सदस्य बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को उनके व्हटसअप पर केवायसी आद्यतन कराने का संदेश पहुंचा रहे है। इस संदेश में केवायसी आद्यतन नहीं करने पर उनकी सेवाएं बंद करने की चेतावनी भी दी जा रही है। बताया जाता है कि इस संदेश के आधार पर लोग जब उनसे संपर्क करते है तो वे लोगों से उनके बैंक खाते से संबंधित गोपनीय जानकारी हांसिल कर लेते है और फिर खातों से रकम उड़ा देतेहै। इस तरह की धोखाधड़ी की शिकायत सामने आने पर बीएसएनएल प्रबंधन ने अपने उपभोक्ताओं के लिए सलाह जारी की है। बीएसएनएल ने कहा है कि उसके द्वारा ऐसे कोई संदेश नहीं पहुंचाए जा रहे। लिहाजा जालसाजों से सतर्क रहे और उनसे कोई भी जानकारी साझा न करें। इसके साथ ही इस तरह का संदेश प्राप्त होने पर निगम के कार्यालय व नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

# युवती को अगवा करने के बाद देवास में बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

**भोपाल, देशबन्धु।** ईंटखेड़ी थाना पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके दोस्त के खिलाफ अपहरण कर देवास में दुष्कर्म करने का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

ईंटखेड़ी थाना प्रभारी दुर्जनसिंह बरकड़े ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली 21 वर्षीय युवती बीएससी की पढ़ाई कर चुकी है। पढ़ाई के दौरान उसका गांव में रहने वाले युवक शैलेंद्र दुबे से परिचय हो गया था। लिहाजा उनके बीच फोन पर भी बात होने लगी थी। शैलेंद्र छह जुलाई को उसे घुमाने के बहाने से देवास ले गया था। वहां उसे एक मकान में रखने के बाद उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। उधर युवती के लापता होने पर स्वजन ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। वहीं परिजनों के साथ पुलिस भी उसकी तलाश कर रही थी। सोमवार को युवती अपने घर लौट आई। इसके बाद थाने पहुंचकर दर्ज कराए बयान में उसने बताया कि शैलेंद्र ने उसे देवास के एक मकान में बंधक बनाकर रखा था। इसके साथ ही उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इस पर पुलिस ने शैलेंद्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है।

उधर तलैया थाना पुलिस ने सईदिया स्कूल के पास रहने वाली एक 29 वर्षीय महिला की शिकायत पर उसके देवर के खिलाफ छेड़छाड़, धमकाने का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक महिला ने शिकायत में बताया कि उसका देवर कई दिनों से उसके प्रति बुरी नजर रख रहा था। चार नवंबर को देवर ने उसके साथ अश्लील हरकत कर दी। विरोध करने पर मारने की धमकी दी। महिला ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।



सागर, बुधवार 8 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## नरसंहार के एक महीने

इजरायल और हमास के बीच छिड़ी जंग को पूरे एक महीने हो गए हैं। पिछले महीने यानी 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर हमला किया था और इसके बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बिना देर किए युद्ध का शंखनाद कर दिया था। उन्होंने अपनी प्रशासनिक और खुफिया असफलता के लिए इजरायल के लोगों से माफी मांगना जरूरी नहीं समझा, न ही उन्होंने इन सवालों की परवाह की कि इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद इस हमले की जानकारी क्यों नहीं जुटा पाई, किस तरह हमास इतना शक्तिशाली हो गया कि उसने इजरायल पर भीषण हमला बोल दिया। नेतन्याहू इन सवालों की पड़ताल करने के लिए पहले वक्त निकालते, तो शायद ऐसा नरसंहार नहीं होता, जो इस वक्त हो रहा है। तब शायद हमास के असली इरादे पता चलते और ये भी मालूम होता कि आखिर हमास ने इतनी ताकत और दुस्साहस किसके बूते जुटा लिया। लेकिन शायद नेतन्याहू को युद्ध के मैदान में उतरने की हड़बड़ी थी ताकि हमास के बहाने फिलिस्तीनियों को पूरी तरह खदेड़ कर अपना कब्जा स्थायी कर लिया जाए।

जिस हमास को खत्म करने की कसम खाकर नेतन्याहू ने युद्ध शुरु किया, वो अब भी बरकरार है। शायद हमास का अमृतकुंड किसी इजरायली बंकर में ही छिपा हो और इसलिए वो खत्म नहीं हो पा रहा है। लेकिन उसके नाम पर अब तक 10 हजार से अधिक फिलिस्तीन मारे जा चुके हैं। इनमें 6 हजार से अधिक बच्चे हैं। इन बच्चों में भी बहुत से ऐसे हैं, जिन्होंने अपने जीवन का एक साल भी पूरा नहीं किया, कुछ बच्चों को तो मां के पेट में ही इजरायल ने खत्म कर दिया, मानो उन अजन्मी संतानों में हमास का आतंकी रूप इजरायल को नजर आता है। खून, धूल, बारूद की गंध से लिपटे, रोते-बिलखते, डर से कांपते बच्चों की तस्वीरें और वीडियो देखकर किसी भी सामान्य इंसान की रूह कांप जाए। लेकिन युद्धोन्माद में कोई सामान्य कहां रह पाता है। इजरायली सैनिक अपने आका का हुक्म बजा रहे हैं और इजरायल अपने आका अमेरिका की फरमाबरदारी कर रहा है। बिना इस बात की परवाह किए कि उसके हाथों में इतना खून लग चुका है, जिसके दाग सदियों तक बरकरार रहेंगे।

आज इजरायल ने इतने फिलिस्तीनी नागरिकों को मारा, जिनमें इतने बच्चे, इतनी महिलाएं, इतने पत्रकार, इतने सैनिक, इतने डॉक्टर हैं, इजरायल ने आज अस्पताल को तबाह किया, आज राहत शिविर पर बम बरसाए, आज गजा पट्टी तक पहुंचने वाली बिजली, पानी की आपूर्ति रोक दी, आज संचार के साधनों को खत्म कर दिया, ऐसी ही खबरें रोजाना महीने भर से लगातार आ रही हैं। और इन खबरों को देखकर भी अगर हम सामान्य बने हुए हैं, तो फिर ये तय है कि हम मनुष्य कहलाने का हक खो चुके हैं। बताया जा रहा है कि फिलिस्तीनियों को औसतन दिन में ब्रेड की दो स्लाइस और थोड़े से पानी में गुजारा करना पड़ रहा है। बहुतों को ये भी नसीब नहीं हो रहा है। निश्चित ही अमेरिका, इजरायल और इन देशों का साथ देने वाले तमाम सत्ताधीश आला दर्जे की संवेदनहीनता और क्रूरता दिखा रहे हैं। जिन लोगों को मासूमों की मौत, भूख-प्यास, बीमारी देखकर कोई फर्क नहीं पड़ रहा, जो खून की नदियों से धरती को मैला करने में लगे हुए हैं, क्या उन लोगों से न्याय और लोकतंत्र की रक्षा की उम्मीद की जा सकती है। किस तरह से ये तमाम शासनाध्यक्ष दुनिया से आतंकवाद मिटाकर शांति स्थापना का दावा कर सकते हैं, जबकि खुद इनके कृत्य किसी आतंकवाद से कम नहीं हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ को भी अमेरिका, इजरायल और उनका साथ देने वाले तमाम देशों ने बेमानी बना दिया है। संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस बार-बार शांति की अपील कर रहे हैं। मानवीय आधार पर युद्धविराम की बातें कर रहे हैं। अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया, जर्मनी तमाम देशों में लगातार आम जनता फिलिस्तीनियों के लिए आवाज उठा रही है। खुद इजरायल की जनता नेतन्याहू की युद्धनीति का विरोध करते हुए सड़कों पर उतर आई है। लेकिन फिर भी इजरायल युद्धविराम के लिए तैयार नहीं है और उधर जो बाइडेन कह रहे हैं कि पूरे युद्धविराम की जगह मानवीय जरूरत के लिए छोटे विराम लिए जाएं। इस तरह के बयानों से अमेरिका की असली नीयत समझ आ जाती है। मानवीय जरूरत तो यही है कि किसी भी हाल में युद्ध तुरंत बंद हो और नरसंहार पर रोक लगे। छोटे विराम जैसा कोई विकल्प होना ही नहीं चाहिए। मगर युद्ध रुका तो नेतन्याहू के फिलिस्तीन पर कब्जे के मंसूबे धरे रह जाएंगे। इसलिए अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए इजरायल युद्ध किए जा रहा है और अमेरिका अपनी मदद जारी रखे हुए है।

दुनिया भर के कई राजनेता अपनी सरकारों से अलग राय रखते हुए इजरायल को आतंकी राष्ट्र घोषित करने की मांग उठा चुके हैं। नेतन्याहू पर युद्ध अपराधों का मुकदमा चलाने की मांगें हो रही हैं। यह देखना दुखद है कि इंसानियत के इस मुश्किल वक्त में भारत का नेतृत्व करने वाली मोदी सरकार ढुलमुल रवैया अपनाए हुए है। सोमवार को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत की और इसमें दोनों देशों के संबंधों पर चर्चा के साथ ही फिलिस्तीन के हालात पर भी चर्चा हुई। जिसमें राष्ट्रपति रईसी ने श्री मोदी को 'पश्चिमी उपनिवेशवाद के ख़िलाफ़ भारत के संघर्ष' और 'गुट-निरपेक्ष आंदोलन का संस्थापक देश होने' की याद दिलाई। रईसी ने कहा, 'आज भारत से उम्मीद है कि वह ग़ज़ा के बाशिंदों के ख़िलाफ़ ज़ायनवादियों के अपराधों को रोकने के लिए अपनी पूरी क्षमताओं का इस्तेमाल करे।'

ईरान ने मोदी सरकार को भारत के इतिहास और विदेश नीति का वो अध्याय याद दिलाया, जिसके बूते दुनिया में भारत के नाम की साख बनी हुई थी। लेकिन अफसोस कि मोदी सरकार ने सायास उस अध्याय को बंद करने की कोशिश की है। गुटनिरपेक्षता आंदोलन को औपचारिकता के फ्रेम में जकड़ दिया है और कुछ व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए श्री मोदी इजरायल या अमेरिका के कृत्यों पर खुलकर बोल भी नहीं रहे हैं। इजरायली सरकार के अपराधों पर अमेरिका से लेकर भारत तक का यह ढीला रवैया समूची मानवता के लिए भारी पड़ेगा।

# इन चुनावी संकेतों से उभरती भावी सियासी तस्वीर

छत्तीसगढ़ की 90 में से 20 तथा मिजोरम की सभी 40 सीटों के लिये मंगलवार को मतदान होने के साथ ही पांच राज्यों के लिये निर्धारित विधानसभा के चुनावों को लेकर जो कयास लगाये जा रहे हैं; और जो संकेत मत सर्वेक्षणों (ओपिनियन पोल) से मिल रहे हैं, उनसे देश की एक नयी भावी तस्वीर स्पष्टता के साथ उभरती नज़र आ रही है। इसके अलावा जमीनी हकीकतों से रूबरू हो रहे तमाम राजनीतिक पण्डित तथा विश्लेषक भी इशारे कर रहे हैं कि इन राज्यों के नतीजे जो आएंगे उसके बाद देश की सियासत वैसी नहीं रहगी जैसी आज है। उपरोक्त दो प्रदेशों के अलावा राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भी चुनाव हो रहे हैं जो अलग-अलग तारीखों पर निपट जायेंगे। सारे के सारे इसी माह होंगे और उनके परिणाम आयेंगे 3 दिसम्बर को।

यह ऐसा चुनाव है जिसमें पांचों राज्य विभिन्न कारणों से बेहद महत्वपूर्ण हो गये हैं। महत्ता की दृष्टि से इसका क्रम नहीं ठहराया जा सकता जो सामान्य तौर पर एक साथ कई राज्यों में होने वाले चुनावों के समय निर्धारित किये जा सकते हैं। मसलन, फरवरी 2022 में जब पांच सूबों की विधानसभाओं के चुनाव हुए थे तो उन पर होने वाली चर्चाओं के दौरान प्रकारान्तर से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर का क्रम सियासी महत्व के अनुसार निर्धारित होता था। हिन्दी पट्टी का प्रमुख राज होने के नाते और एक अलग तरह की राजनीति व प्रशासन चलाने वाले उप्र को सर्वाधिक अहमियत थी, तो हिन्दुत्व की नयी प्रयोगशाला के रूप में बन रहे उत्तराखंड का क्रमांक दूसरा था। कांग्रेस की उथल-पुथल और भारतीय जनता पार्टी व अकाली दल के अलगाव के बाद होने तथा आम आदमी पार्टी के वहां जोर-शोर से चुनाव लड़ने के कारण उस चुनाव का भी महत्व था परन्तु वह राज्य तीसरे ही नंबर पर था। पहले 2017 में बनी जहां की सरकार (गोवा) को भाजपा ने कांग्रेस से छीनकर बनाया था, उसकी ओर लोग उत्सुकता से देख तो रहे थे पर वह चौथा ही महत्वपूर्ण राज्य था। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर को आखिरी क्रमांक पर रखा गया था।

इस बार ऐसा बिलकुल नहीं किया जा सकता। अब कोई नहीं कह सकता कि कौन सा राज्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और कौन सा सबसे कम। मिजोरम को ही लें! जब चुनावों की घोषणा हुई थी तो लगता था कि यह इन सभी में सबसे कम महत्वपूर्ण है, परन्तु जैसे-जैसे मणिपुर की घटनाओं की आंच उस राज्य ने महसूस की, वहां राहुल गांधी का दो दिवसीय दौरा हुआ, सभी राज्यों में धुंआधार प्रचार करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उससे दूरी बना ली तथा मुख्यमंत्री जोरामथांगा ने साफ कर दिया कि वे मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे- मिजोरम भी अपने मायनों में यह छोटा राज्य होने के बावजूद बेहद महत्वपूर्ण हो उठा क्योंकि इन घटनाक्रमों के आलोक में वह समग्र पूर्वोत्तरवासियों की मानसिकता का अक्स बन बैठा- सात राज्यों का भी। दक्षिणी राज्य तेलंगाना की बात करें तो यहां पहले सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) और भाजपा के बीच मुख्य मुकाबला था लेकिन जब वहां भी राहुल ने कई दिन बिताए तत्पश्चात बीआरएस व वहीं की आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन (एआईएमआईएम) के साथ भाजपा की सांठ-गांठ को उजागर किया तो भाजपा दौड़ से ही बाहर हो गई। अब बीआरएस सत्ता बचाने के लिये कांग्रेस से संघर्षरत है। लोगों का कहना है कि अगर वहां बीआरएस हारती है तो आश्चर्य नहीं होना चाहिये। पिछले साल सितम्बर से निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा में राहुल ने तेलंगाना में करीब 16 दिन बिताए थे, जिसका असर वहां पहले से मौजूद था।



डॉ. दीपक पाचपोर

> हिन्दी पट्टी के तीनों राज्यों में छत्तीसगढ़ सबसे छोटा राज्य है जिसके बारे में इसलिये सबसे कम चर्चा हो रही थी क्योंकि वहां एकतरफा मुकाबला माना गया था। कांग्रेस सरकार बहुत मजबूत स्वीकारी जा चुकी थी। ऐसा इसलिये क्योंकि इस राज्य में 90 की विधानसभा में उसके 71 विधायक हैं और सरकार का काम भी शानदार माना जाता है जिसका उल्लेख कांग्रेस द्वारा अपने वादों व गारंटियों की विश्वसनीयता साबित करने के लिये किया जाता है।

हिन्दी पट्टी के तीनों राज्यों में छत्तीसगढ़ सबसे छोटा राज्य है जिसके बारे में इसलिये सबसे कम चर्चा हो रही थी क्योंकि वहां एकतरफा मुकाबला माना गया था। कांग्रेस सरकार बहुत मजबूत स्वीकारी जा चुकी थी। ऐसा इसलिये क्योंकि इस राज्य में 90 की विधानसभा में उसके 71 विधायक हैं और सरकार का काम भी शानदार माना जाता है जिसका उल्लेख कांग्रेस द्वारा अपने वादों व गारंटियों की विश्वसनीयता साबित करने के लिये किया जाता है। यहां भाजपा का ध्रुवीकरण, साम्प्रदायिकता और धर्मांतरण का मुद्दा लाख कोशिशों के बावजूद नाकाम रह गया है। उसे यहां उग्र बयान देने वालों की फौज उतारनी पड़ी है। साथ ही, केन्द्रीय जांच एजेंसियों का जिस कदर मुकाबला कांग्रेस कर रही है उसने भी अन्य राज्यों की इकाइयों को बताया कि भाजपा से ऐसे भी लड़ा जा सकता है। अब छग का राजनैतिक मॉडल हर चुनावी चर्चा का अनिवार्य हिस्सा बन गया है। इसने छग का महत्व यकायक बढ़ा दिया है। अब रही बात मध्यप्रदेश व राजस्थान की तो यह अलग-अलग संदर्भों में और व्यक्ति-व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह दोनों में किसे अधिक महत्व देता है। दोनों ही राज्यों में अनेक एक सरीखे तथ्य हैं, बावजूद इस फर्क के कि एक जगह पर (मप्र) भाजपा सत्ता बचाने की जद्दोजहद में है तो दूसरी जगह (राजस्थान) सरकार बनाने की। दोनों राज्यों में दोनों प्रमुख दलों- कांग्रेस व भाजपा में कम या ज्यादा बगावतों व भीतरघातों का सिलसिला जारी है लेकिन उनका खामियाजा भाजपा के ही अधिक भुगतने के संकेत साफ हैं। दोनों राज्यों में आलाकमान ने बड़े पैमाने पर केन्द्रीय मंत्रियों एवं नेताओं को विधायकी के रणक्षेत्र में उतारकर स्थानीय नेतृत्व व काडर की मुश्किलें बढ़ा दी हैं जिसका दोनों जगहों पर कांग्रेस को फायदा होता दिख रहा है। वैसे यह भी सच है कि जहां कांग्रेस अपने अंदरूनी झगड़ों को सम्भालने में नाकाम रहेगी वहां उसकी मुश्किलें बढ़ेंगी। अलबत्ता, उसकी बेहतर होती स्थिति उसे अपने आंतरिक मतभेदों पर काबू पाने या उसके असर को घटाने में सहायक साबित हो रही है। इस तरह एक साथ सारे के सारे राज्यों के महत्वपूर्ण कहे व माने जा चुके इन चुनावों की श्रृंखला में किसी भी कड़ी को कमजोर नहीं कहा जा सकता। कुल जमा, सभी राज्यों में कांग्रेस की बढ़त बनी हुई है और भाजपा की पतली हालत है। इन सभी प्रदेशों में राहुल गांधी, कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी की होने वाली सभाओं और रोड शो ने रातों-रात फर्क पैदा किया है। इन चुनावों के परिणामों के बाद बामुश्किल छह माह के भीतर ही देश आम चुनावों में जायेगा। पहले दिन से तय है कि उसकी नियति को ये नतीजे निर्धारित करेंगे। इसलिये हाल ही में कांग्रेस की अगुवाई में बने संयुक्त प्रतिपक्ष 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) में उठे कुछ विवादों व मतभेदों से भाजपा को काफी उम्मीद थी। अब भी होगी कि इन राज्यों के चुनावों के दौरान अगर गठबन्धन में कोई टूट-फूट होती है तो उसका उसे 2024 के लोकसभा चुनावों में फायदा मिल सकता है परन्तु उसे निराशा ही हाथ लगी होगी क्योंकि मतभेद होते भी हैं तो तत्परता से सुलझाये जा रहे हैं। अब भी साथ काम करने का आश्वासन भी सभी सम्बन्धित दल दे रहे हैं। मसलन, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच मध्यप्रदेश के कुछ चुनावी मसलों पर तनातनी हुई परन्तु उसे सुलझा लिया गया। ऐसे ही, बिहार के सीएम नीतीश कुमार को शिकायत थी कि कांग्रेस के पास इंडिया गठबन्धन की ओर ध्यान देने का समय नहीं मिल रहा नहीं है। मल्लिकार्जुन खरगे ने आश्वस्त कर दिया कि विधानसभा चुनावों के बाद वे सभी को साथ लेकर 'इंडिया' को आगे बढ़ाएंगे। यही नयी तस्वीर अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा की कमजोर स्थिति को लेकर उभरेगी।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# आरएसएस : 'भावनात्मक एकता' के बहाने यथास्थिति कायम रखने की कोशिश

वर्तमान सत्ताधारी दल सहित हिन्दू राष्ट्र की कायमी के लक्ष्य को लेकर काम करने वाली कई अन्य संस्थाओं से मिलकर बने संघ परिवार के मुखिया हैं मोहन भागवत. ये संस्थाएं शिक्षा, राजनीति, सामाजिक गतिविधियों आदि में संलग्न हैं। भागवत संघ परिवार को विजयादशमी (दशहरा) के दिन मार्गदर्शन देते हैं। विजयादशमी का यह भाषण उस बहुसंख्यकवादी हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति की विचारधारा और राजनैतिक एजेंडा को प्रतिबिंबित करता है, जिसका नेतृत्व संघ परिवार के हाथों में है।

इस वर्ष (2023) के 24 अक्टूबर को उन्होंने अपने भाषण में केवल शब्दों के कुछ हेरफेर के साथ ऐसी कई बातें कहीं जिन्हें द्वितीय सरसंघचालक एमएस गोलवलकर ने अपनी पुस्तक 'बंच ऑफ थाट्स' में निरूपित किया था. इस पुस्तक में गोलवलकर लिखते हैं, 'मुस्लिम, ईसाई और कम्युनिस्ट हिन्दू राष्ट्र के लिए आंतरिक खतरा हैं?' छलपूर्ण भाषा में भागवत ने कहा कि 'सांस्कृतिक मार्क्सवाद एक खुदगर्ज और धोखेबाज ताकत है जो मीडिया और शिक्षण के क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित कर देश को विभाजित करना चाहती है।'



राम पुनियानी

> मोदी के गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद से कॉर्पोरेट घरानों ने मीडिया के एक बड़े हिस्से पर अपना नियंत्रण कायम कर लिया है और यह हिस्सा अब संघ और भाजपा का भोंपू बन गया है। ये सभी संगठन और उनके नेता, जाति जनगणना को देश को बांटने वाला बता रहे हैं। सच यह है कि जाति जनगणना, सामाजिक न्याय की स्थापना के दिशा में कदम है।

उन्होंने आगे कहा, 'ये शक्तियां कुछ उत्कृष्ट लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य करने का दावा करती हैं लेकिन उनका वास्तविक लक्ष्य दुनिया की व्यवस्था एवं नैतिकता, परोपकार, संस्कृति, गरिमा और संयम को अस्त-व्यस्त करना है।' उन्होंने यह भी कहा कि, 'ये विध्वंसक शक्तियां अपने आप को 'वोक' या मार्क्सवादी बताते हैं...विश्व की सभी सुव्यवस्था, मांगल्य, संस्कार, तथा संयम से उनका विरोध है..। माध्यमों तथा अकादमियों को हाथ में लेकर देशों की शिक्षा, संस्कार, राजनीति और सामाजिक वातावरण को भ्रम एवं भ्रष्टता का शिकार बनाना उनकी कार्यशैली है।'

'वोक' शब्द मौजूदा दौर में सांस्कृतिक चर्चाओं के केन्द्र में रहा है। इसकी जड़ अफ्रीकी-अमेरिकियों की स्वयं को नस्लवाद के चंगुल से निकालकर समानता हासिल करने की ललक में है। यह शब्द लोकतंत्र के आगाज़ के पूर्व के तानाशाही के दौर की पितृसत्तात्मकता, नस्लवाद और वर्णों से संबंधित ऊंच-नीच द्वारा खड़ी की गई रुकावटों पर विजय हासिल करने का प्रतीक भी है।

यह कहा जा सकता है कि यह शब्द अब सारी दुनिया में प्रचलित हो गया है। यूरोप और आस्ट्रेलिया में रूढ़िवादी राजनीतिज्ञ 'वोक' के समावेशिता के विचार का उपहास करते हैं और इसके आधार पर लैंगिक समानता और पर्यावरण संरक्षण का विरोध करते हैं। बीबीसी की डाक्यूमेन्ट्री 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' (मोदी के मुख्यमंत्रित्वकाल में गुजरात में हुई हिंसा पर बनी डाक्यूमेन्ट्री जिस पर भारत में पाबंदी लगा दी गई है) के बारे में टिप्पणी करते हुए आरएसएस नेता राम माधव ने 'द इंडियन एक्सप्रेस' में लिखा कि बीबीसी का यह 'पतन' ब्रिटेन के संभ्रात वर्ग में 'वोक संस्कृति' के उदय के कारण हुआ है. जो राम माधव यह मानते हैं कि 'द मोदी क्वेश्चन' का प्रसारण करने से बीबीसी का 'पतन' हुआ है वे ही राम माधव सरसंघचालक के 'जड़ों' की ओर लौटने (संक्षेप में मनुस्मृति के मूल्यों के इर्दगिर्द जाने) के आह्वान का समर्थन करते हैं और सांस्कृतिक मार्क्सवादियों पर हमारे शिक्षण संस्थानों और मीडिया पर कब्जा करने का आरोप लगाते हैं। उनके अनुसार सांस्कृतिक मार्क्सवादियों ने ऐसा आख्यान विकसित किया है जिसमें हिन्दू धर्म को उच्च जातियों की प्रभुता के रूप में परिभाषित कर हिंदुत्व और जाति या जाति प्रथा को दमनकारी और शोषक निरूपित किया गया है। माधव के अनुसार जातिगत जनगणना विभाजनकारी है।

सच यह है कि स्वाधीनता संग्राम के दिनों से ही मार्क्सवाद से प्रभावित लोग समानता के लिए सामाजिक परिवर्तन के हामी रहे हैं। भगतसिंह और उनके साथियों ने समानता की बात थी। औद्योगीकरण और शिक्षा के प्रसार के साथ प्रगतिशील ताकतों ने उस विचारधारा को उखाड़ फेंकने की वकालत की जो सामंती समाज से हमें विरासत में मिली थी और जो वर्गीय, जातिगत और लैंगिक ऊंच-नीच पर आधारित थी। कम्युनिस्टों के अलावा, जोतीराव फुले और आंबेडकर के नेतृत्व वाली धारा ने भी उस दमनकारी व्यवस्था को चुनौती दी, जिसमें ऊंची जातियों के पुरुष दलितों और महिलाओं पर अपना प्रभुत्व जमाते थे और जिसमें पितृसत्तात्मक मूल्यों की प्रधानता थी। गांधीजी के नेतृत्व वाले स्वाधीनता आन्दोलन ने भी इन मुद्दों को उठाया और दमनकारी सामाजिक प्रथाओं के खिलाफ विद्रोह को व्यापक स्वरूप देने का प्रयास किया और उसे स्वाधीनता आन्दोलन का अभिन्न अंग बनाया।

अभिव्यक्ति की आज़ादी के लिए संघर्ष भी स्वाधीनता आन्दोलन का अभिन्न अंग था और लोकमान्य तिलक से लेकर गांधीजी और उनसे लेकर नेहरु तक सभी ने इसका समर्थन किया। प्रगतिशील वर्गों ने विश्वविद्यालयों में शिक्षण और लेखन व भाषणों के ज़रिए अपने विचारों को आम लोगों तक पहुंचाया।

इन लोगों ने अपनी बौद्धिक आज़ादी का उपयोग कर हमारी शिक्षा प्रणाली को प्रजातान्त्रिक नींव दी और वे जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय जैसे बौद्धिक उत्कृष्टता के केन्द्रों की स्थापना में सहायक बने। इस संस्थान ने जबरदस्त प्रतिष्ठा अर्जित की और देश को अनेक लेखक, नौकरशाह और पुलिस अधिकारी दिए. निश्चित रूप से भागवत और माधव का यह दावा सही नहीं है कि शिक्षा के केन्द्रों में घुसपैठ करने का कोई योजनाबद्ध प्रयास किया गया, जिसके चलते हम 'अपनी जड़ों' से दूर चले गए। उनके लिए तो पूरा स्वाधीनता संग्राम ही 'हमारी जड़ों से दूर जाना था।'

हिन्दू राष्ट्रवादियों के इस दावे में भी कोई दम नहीं है कि मार्क्सवादियों की दृष्टि में हिन्दू धर्म का अर्थ था उच्च जातियों की प्रभुता। यह हिन्दू राष्ट्रवादियों की हमारे अतीत की सतही समझ को दर्शाता है। वे भूल जाते हैं कि आंबेडकर (चुनाव में लाभ प्राप्त करने के लिए जिनकी शान में हिन्दू राष्ट्रवादी कसीदे काढ़ रहे हैं) ने कहा था कि हिन्दू धर्म में ब्राह्मणवादी मूल्यों का बोलबाला है। दलितों को समानता का अधिकार न देने के प्रति कटिबद्ध कट्टरपंथी हिन्दू धर्म के सिद्धांतों से आंबेडकर इतने आहत थे कि उन्होंने न केवल सार्वजनिक रूप से मनुस्मृति का दहन किया बल्कि यह घोषणा भी की कि, 'मैं हिन्दू के रूप में पैदा हुआ था। वह मेरे हाथ में नहीं था। परन्तु मैं हिन्दू के रूप में मरूंगा नहीं।' इसी कारण आंबेडकर उन 'जड़ों' से दूर चले गए थे, जिनका गुणगान भागवत और माधव कर रहे हैं।

वोक, जो कि सामाजिक ऊंच-नीच की बेड़ियों को तोड़ देना चाहता हैं, को भागवत एंड कंपनी नीची निगाहों से देखते हैं। उदारवादी भारतीय संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहते हैं और वे संयुक्त राष्ट्रसंघ के मानवाधिकार घोषणापत्र के मूल्यों का सम्मान करते हैं। इसके विपरीत, आरएसएस ने अत्यंत योजनाबद्ध तरीके से सरस्वती शिशु मंदिरों की श्रृंखला की स्थापना की है, जिनका पाठ्यक्रम जातिगत और लैंगिक पदक्रम का समर्थन करता है। संघ के 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास' ने वेंडी डोनिगर के तार्किक और विद्वतापूर्ण लेखन का विरोध किया। एक अन्य संघी संगठन ने एके रामानुजन के लेख 'थ्री हंड्रेड रामायाणास' को पाठ्यक्रम से बाहर करवाया। यह लेख हमारी विविधवर्णी संस्कृति को समझने में हमारी मदद करता है। और ये तो केवल चंद उदाहरण हैं।

उदारवादी मूल्य देश को नहीं बांट रहे थे। वे तो पितृसत्तात्मकता और जाति प्रथा से मुक्ति की बात करते हैं। देश को जो बांट रहा है वह है आरएसएस शाखाओं, उसके लाखों स्वयंसेवकों और हजारों प्रचारकों द्वारा किया जा रहा अल्पसंख्यक-विरोधी दुष्प्रचार। जहां तक मीडिया पर नियंत्रण का सवाल है, उसके बारे में जितना कहा जाए, वह कम है। सन् 1977 में जनता पार्टी की सरकार में लालकृष्ण अडवाणी के सूचना और प्रसारण मंत्री बनने के बाद से आरएसएस के स्वयंसेवकों का मीडिया संस्थानों में घुसपैठ करने का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह अब भी जारी है। मोदी के गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद से कॉर्पोरेट घरानों ने मीडिया के एक बड़े हिस्से पर अपना नियंत्रण कायम कर लिया है और यह हिस्सा अब संघ और भाजपा का भोंपू बन गया है।

ये सभी संगठन और उनके नेता, जाति जनगणना को देश को बांटने वाला बता रहे हैं। सच यह है कि जाति जनगणना, सामाजिक न्याय की स्थापना के दिशा में कदम है। कहने की ज़रूरत नहीं कि आरएसएस, सामाजिक न्याय का घोर विरोधी है।

## पावन प्रसंग

# भले और नेक बनिए

नेकी की हर जगह सराहना होती है, किन्तु वह सज्जनता और भी अधिक सराहनीय हे, जिसके साथ नम्रता जुड़ी हुई हो। उद्दंडता ओछे लोग अपनाते हैं। अहंकार व्यक्त करके किसी का घटियापन ही सिद्ध होता है।

टेनीसन ने कहा है- नम्रता एक कल्पवृक्ष है, जिस पर सद्गुणों की टहनियां निकलती और विभूतियों की पत्तियां उगती है। ईसा कहते थे- नम्र बनकर रहो। जो अपने को जितना छोटा कहेगा, वह दूसरों की आंख में उतना ही बड़ा बनेगा।

जिसका 'स्व' संकीर्णता की परिधि से निकलकर व्यापकता के क्षेत्र में प्रवेश करता है, उसका स्वार्थ परिष्कृत स्तर का बनकर परमार्थ का रूप धारण करता है। अपना हित साधने की चिंता और चेष्टा हर किसी को रहती है। यह अपनापन यदि कुछ अधिक विस्तृत बन सके तो दूसरों की चिंता तो इसी प्रकार करनी पड़ेगी, जैसे अपने अंग-अवयवों की या कुटुंब संबंधियों की करनी पड़ती है। यह वह स्थिति है, जिसमें परमार्थ में स्वार्थ और स्वार्थ में परमार्थ का समावेश होता है।

परमार्थ के लिए धन-संपदा का होना आवश्यक नहीं। श्रम, समय, प्रभाव, चिंतन और परामर्श जैसे कितने ही आधार है, जिनकी सहायता से दूसरों की प्रचुर सेवा-साधना संभव हो सकती है। ईश्वरप्रदत्त वैभव मनुष्य की काया और चेतना परिमाण में विद्यमान है। इसे पुण्य-प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त करते रह सकना हर उदारचेता के लिए सहज संभव हो सकता है। धन भी श्रम की परिणति है। जितना उपकार आर्थिक अनुदानों से हो सकता हे, उससे अनेक गुना बौद्धिक अनुदानों से हो सकता है। परामर्श और सहयोग का महत्व भी आर्थिक सहायता से किसी प्रकार कम नहीं। लोग आर्थिक कठिनाइयों से ही दु:खी नहीं है। अधिकांश ऐसे हे, जो भटकाव या अत्याचार से ग्रसित होकर कष्ट सहते हैं।

नेकी का बदला हाथोंहाथ मिलता है। जिसके साथ भलाई की गई हे, संभव है कि वह बदला लेने की स्थिति में न हो। तो भी उस सहायता को देखकर अनेकों को अपनी सज्जनता का पता चलेगा और ये अवसर पाने पर अपने साथ भलाई का ही व्यवहार करेंगे। फिर अपनी आत्मा को जो भी संतोषभरी प्रसन्नता होती हे, वह भी कुछ कम महत्व की नहीं। प्रसन्नता खरीदने के लिए कुछ-न-कुछ खरच करना पड़ता है। बिना खरच किए तो यहां किसी को कुछ नहीं मिलेगा। यहां तक कि बुराई भी श्रम लगाने और समय गंवाने से ही मिलती है। ऐसी दशा में यदि नेकी के निमित्त समय, श्रम या धन लगाया गया है और उसके बदले अपना मनोबल बढ़ा है तो यह घाटे का सौदा नही है। भलाई वह बीज है, जो उगे बिना रहता नहीं, उस पर अच्छे और मीठे फल आते हैं, भले ही उसमें कुछ देर लगे।

**-युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से विनाश की तरफ बढ़ता पहाड़ी क्षेत्र

विश्व आर्थिक मंच की वैश्विक जोखिम रिपोर्ट 2020 के अनुसार अगले 10 दशकों में शीर्ष जोखिमों में जलवायु परिवर्तन शामिल हो सकते हैं। यह जोखिम मानवजनित, पर्यावरणीय आपदाएं, जैव विविधता हानि व मौसमी घटनाएं हो सकती हैं। दरअसल पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखने के लिए प्रकृति और मानव के बीच तालमेल होना अत्यंत ही आवश्यक है। यह सिक्के के दो पहलू की भांति है। किसी एक में होने वाली कमी दूसरे को प्रभावित करती है। पिछले कई दशकों से मानव गतिविधियां जलवायु परिवर्तन का प्रमुख चालक रही हैं। शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, वनोन्मूलन व रासायनिक कीटनाशकों और उर्वरकों का प्रयोग जलवायु परिवर्तन के प्रमुख कारक के रूप में देखे जा सकते हैं और इन कारकों का जनक मानव है। आधुनिकता व बढ़ती जनसंख्या के साथ तेजी से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है जो भविष्य में किसी विनाश का सूचक हो सकता है। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से न केवल मानव, बल्कि वन्य जीवों पर भी इसका बुरा प्रभाव देखने को मिल रहा है। जाने माने फोटोग्राफर और पर्यावरणविद पद्मश्री अनूप साह बताते हैं कि जिस ज्योलीकोट और सातताल जैसे क्षेत्र जो कभी अपनी प्राकृतिक सुंदरता व वन्य प्राणियों की फोटोग्राफी के लिए देसी व विदेशी फोटोग्राफरों को सालों भर आकर्षित करते थे, वही आज विकास की भेट चढ़ कर गुमनामी में खो गये हैं। अन्तरराष्ट्रीय फोटोग्राफर होने के नाते अपने अनुभवों को साझा करते हुए वह बताते हैं कि उनके द्वारा जिस मनोहारी जंगल व कई वन्य जीवों के दृश्यों को कैमरे में कैद किया गया था, आज जलवायु परिवर्तन व मानव हस्तक्षेप के चलते उनमें से कई प्रजातियां विलुप्त सी हो गई हैं। अनूप साह बताते हैं कि प्रकृति का दोहन सबसे अधिक वन्य जीवों के आवास के लिए भंयकर सिद्ध हो रहा है। सरकारी योजनाओं के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसी प्रजातियों को रोपित किया जा रहा है जो इकालॉजी को बदल रही हैं। यह अत्यंत ही गंभीर विषय है। जिस पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो इसके और भी अधिक दुष्परिणाम हो सकते हैं।

मानव वन्य जीवों में संघर्ष बढ़ने लगे हैं। मानव द्वारा जंगलों को काटकर आबादी क्षेत्रों में तब्दील कर दिया जा रहा है। वन्य जीवों को उनके घरों से बेघर किया जा रहा है। जिसके चलते सीमित स्थान होने से जानवरों द्वारा मानव बस्तियों पर हमला कर मानव को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। भारत में पाई जाने वाली 1300 पक्षियों की प्रजातियों में अकेले 700 से अधिक प्रजातियां केवल उत्तराखंड में ही पाई जाती हैं। परंतु, विगत कई वर्षो से प्रकृति दोहन के चलते इनके प्राकृतिक वास समाप्त हो गये हैं और अब इन प्रजातियों की आधी संख्या ही देखने को मिल रही है। कठफोड़वा ऐसा पक्षी जो आवाज और सुन्दरता के चलते सभी का ध्यान अपनी ओर आर्कषित करता था। यह भी अब कम ही दिखाई दे रहे हैं। वहीं गौरैया की प्रजातियां जो कभी पूरे राज्य में दिखाई देती थी वह भी अब न के बराबर रह गई है। मानव का प्रकृति में हस्तक्षेप जल्द ही कई पशुओं व पक्षियों की प्रजातियों को धरती से विलुप्त कर देगा।

वनों के दोहन पर अपने विचार रखते हुए ओखलकांडा के पर्यावरणविद् चन्दन नयाल का कहना है- पर्वतीय क्षेत्रों में विकसित हो रही अलग-अलग प्रजातियां संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को बदल रही हैं। वहीं आरामदायक जीवनयापन के लिए आवश्यक सामग्री निर्माण हेतु न जाने कितने पेड़ों का कटान किया जाता है। शुद्ध हवा, स्वच्छ जल और शान्ति के चलते पहाड़ों पर घर बनाना सबका सपना बन रहा है।

**बीना बिष्ट, हल्द्वानी उत्तराखंड**

## सार समाचार

### शांति व्यवस्था बनाने पुलिस और बटालियन ने निकाला फ्लैग मार्च



**ईशानगर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से संपन्न करवाने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने की मंशा से मंगलवार को थाना पुलिस ने 43वीं बटालियन के जवानों के साथ नगर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से निर्भिक होकर मतदान करने की अपील की गई। फ्लैग मार्च ने पड़ाव चौराहा से गांधी तिराहा, छतरपुर रोड, पठादा रोड और कुर्रा रोड का भ्रमण किया। फ्लैग मार्च में ईशानगर थाना उपनिरीक्षक वीडी राजपूत सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**रामटौरिया, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रामटौरिया में स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। जागरुकता रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने हाथो में तख्तियां पकड़ रही थीं। रैली हायर सेकेण्डरी स्कूल से शुरू होकर बस स्टैंड, बाजार, गांधी चौक इलाके तक गई। इस दौरान लोगों को मतदान के लिये जागरुक किया गया। जागरुकता रैली में स्कूल के प्राचार्य गौतम प्रजापति, कन्हैया लाल अहिरवार, रूपेश खरे, फुला राजपूत, ऊषा जैन सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

### मतदाताओं को जागरूक करने हुआ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**घुवारा, देशबन्धु।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुवारा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल घुवारा में प्रभारी प्राचार्य बी.एल.प्रजापति के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 9 से 12 तक की 92 छात्राओं ने 23 रंगोली बनाई। प्रत्येक रंगोली में छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से संबंधित स्लोगन को प्रदर्शित किया। रंगोली बनाने वाली प्रत्येक छात्रा को नगर परिषद घुवारा से उपस्थित श्री रामस्वरूप राय बड़े बाबू ,श्री सुरेंद्र सिंह एवं अजयकांत द्वारा पुरुस्कार वितरित किए गए। विद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा छात्राओं को उक्त प्रतियोगिता हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

वकीलों से मिले कांग्रेस प्रत्याशी, वार्डों और ग्रामों में लिया आशीर्वाद

# चतुर्वेदी के समर्थन में रोशनी यादव ने किया जनसंपर्क





**छतरपुर, देशबन्धु।** जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है प्रत्याशियों के पक्ष में बड़े नेताओं की सभाएं एवं जनसंपर्क दौरे भी तेज हो गए हैं। इसी क्रम में मंगलवार को छतरपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया के समर्थन में कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री एवं बुन्देलखण्ड की स्टार प्रचारक रोशनी यादव ने विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन ग्रामों में नुक्कड़ सभाएं कर कांग्रेस के समर्थन में मतदान की अपील की।

इस मौके पर रोशनी यादव ने कहा कि पिछले 18 वर्षों से मप्र और बुन्देलखण्ड के इस हिस्से पर भाजपा की सरकार काबिज है लेकिन आज भी हमारा क्षेत्र शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। उन्होंने कहा कि छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी ललिता यादव 10 सालों तक विधायक और मंत्री रहीं लेकिन फिर भी उन्होंने इस क्षेत्र के लिए ऐसा कोई काम नहीं किया जिसे उपलब्धि कहा जाए। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि इस बार छतरपुर विधानसभा सहित समूचे क्षेत्र में कांग्रेस की लहर है, इसलिए प्रदेश में कमलनाथ सरकार बनवाने के लिए कांग्रेस को जिताएं। रोशनी यादव ने ग्राम सलैया, आमखेरा, नदगांय, लक्ष्मनपुरा, गोरा, ढिलापुर, धामची और मुवासी में नुक्कड़ सभाएं कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की।

वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस विधायक आलोक चतुर्वेदी ने भी मंगलवार को तूफानी जनसंपर्क करते हुए कई वार्डों और ग्रामों में जनता से वोट की अपील की। उन्होंने सबसे पहले महाराजा कॉलेज के सामने, शैफरोन लॉन के समीप, गाड़ीखाना, बैनीगंज मोहल्ला, शहनाई गार्डन के समीप जाकर घर-घर जनसंपर्क किया तो वहीं अदालत पहुंचकर वकीलों से भेंट करते हुए उनसे भी आशीर्वाद मांगा। विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि जनता यदि इस बार कांग्रेस को आशीर्वाद देकर उन्हें विधानसभा भेजती है तो वे छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में 10 हजार युवाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए एक बड़ी योजना पर काम करेंगे। तदोपरांत उन्होंने छतरपुर पधारे संत स्वामी किशोरदास जी महाराज का आशीर्वाद लिया। शाम को उन्होंने क्षेत्र के ग्राम श्यामरा, बारी, खबरी, बरद्वाहा, पिड़पा, कलानी, मोरबा का सघन दौरा करते हुए जनता से आशीर्वाद मांगा।

## दोनों परिवारों को देख लिया अब इस बेटे को चुनिए : तिवारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी को क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान जनता का भरपूर समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है। अखिलेश यादव की सभा के बाद क्षेत्र के सियासी समीकरण बदलने लगे हैं।

पहले जहां साईकिल तीसरे नंबर पर नजर आ रही थी तो वहीं अब इस चुनावी मुकाबले में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी भाजपा से सीधी टक्कर करते दिखाई दे रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने अपने जनसंपर्क के दौरान भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये दोनों प्रत्याशी महाराजपुर क्षेत्र की जनता के लिए नए नहीं है जनता ने क्षेत्र के दोनों ही राजनैतिक परिवारों से आए उनके बेटों का कामकाज देख लिया है। एक परिवार जहां जुल्म और तानाशाही के लिए जाना जाता है तो वहीं दूसरा परिवार शिक्षा के व्यवसाय और कमीशनखोरी के लिए मशहूर हो चुका है। उन्होंने जनता से कहा कि इस बार इन दोनों परिवारों को नकारते हुए अपने परिवार के इस बेटे को मौका दें। मैंने महाराजपुर क्षेत्र की जनता को हमेशा माता-पिता के समान देखा है। पिछले पांच वर्षों से मैं हमेशा क्षेत्र के लोगों की मदद के लिए रात-दिन परिश्रम करता रहा। कोरोनाकाल में जब सभी नेता अपने घर में घुसे थे तब हम क्षेत्र में लोगों की मदद कर रहे थे। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि इस बार अपने होनहार बेटे को मौका दें जो क्षेत्र की दशा और दिशा बदल सके। अजय दौलत तिवारी ने मंगलवार को ग्राम चंदौरा, शिकारपुरा, पाली, बंछौरा, चंद्रपुरा, मऊसहानियां, इमलिया, लहर, पड़वाह, गौर, शिवपुरा, टिकरा, गनेशपुरा, गर्रापुरवा और नौगांव का भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिलता नजर आया।

### बब्बूराजा ने घर-घर जाकर मांगे वोट, जनता ने दिया जीत का आशीर्वाद



छतरपुर। छतरपुर विधानसभा के बसपा प्रत्याशी डीलमणि सिंह बब्बू राजा जोरशोर से प्रचार में जुटे हुए हैं। मंगलवार को उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में घर-घर जाकर आम जनमानस से वोट मांगे। इस मौके पर कहा कि छतरपुर विधानसभा में पिछले कई वर्षों से भाजपा और कांग्रेस शासन कर रही है लेकिन जनता के हित में दोनों ही पार्टियों ने कोई काम नहीं किए। उन्होंने कहा कि अब जनता दोनों ही दलों को जवाब देने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि बसपा सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर विकास करती है, इसलिए एक बार उन्हें आशीर्वाद दीजिए। मंगलवार को बब्बू राजा ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरायचखेरा, थरा, खैरापुरवा, महाराजगंज, श्यामरी, अतनिया, कदारी, अटास और चंद्रपुरा का दौरा किया। इस दौरान उन्हें जनता का दिल खोलकर आशीर्वाद प्रदान हुआ। कई स्थानों पर उनके समर्थकों ने पुष्पहार पहनाकर उनका स्वागत भी किया।

# आप आशीर्वाद दें, सेवा की गारंटी मैं लेता हूं : पटैरिया



### राजनगर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी ने जनसंपर्क कर मांगा आशीर्वाद

**राजनगर, देशबन्धु।** राजनगर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटैरिया ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रानीपुरा, गिरधौरी, खपटया, संजय नगर, सहपुरा सहित लवकुशनगर के वार्ड नंबर 2 एवं 3 में जनसंपर्क करते हुए जनता से आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर अरविंद पटैरिया ने आम जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि आप एक बार मुझे आशीर्वाद दें, आपकी सेवा की गारंटी मैं लेता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य राजनगर विधानसभा को हर क्षेत्र में विकसित करना है, जिसके लिए मुझे जनता के आशीर्वाद की जरूरत है। यदि आप सबने मुझे आशीर्वाद प्रदान किया तो मैं वादा करता हूं कि राजनगर विधानसभा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। इस दौरान जगह-जगह अरविंद पटैरिया के समर्थकों ने फूल मालाएं पहनाकरप उनका स्वागत किया।

लोकतंत्र के महोत्सव में मतदान की हुई शुरुआत

## खजुराहो में दिव्यांग तथा 80+उम्र के मतदाताओं के घर पहुंचा कर्मचारियों सहित पोलिंग बूथ



**खजुराहो, देशबन्धु।** खजुराहों में 80 प्रतिशत दिव्यांग मतदाता अलख प्रकाश अग्रवाल ने अपने मत का किया प्रयोग सभी से मतदान करने की करी अपील,घर से मतदान की प्रक्रिया का किया स्वागत निर्वाचन आयोग का किया धन्यवाद

खजुराहो। हर पांच वर्ष में होने वाले लोकतंत्र के उत्सव निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हो गई है निर्वाचन आयोग ने एक नई पहल शुरू करी है जिसके अंतर्गत 80 वर्ष से ज्यादा उम्र के तथा 80 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को उनके निवास से ही पोस्टल वेलेट के माध्यम से मतदान करने का अधिकार दिया है जिसके अंतर्गत मतदान केन्द्र प्रभारी सहित पूरा दल ऐंसे मतदाताओं के निवास पहुंचा जहां पर उनकी मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इसी के अंतर्गत खजुराहो के सेवाग्राम वार्ड क्र.10 स्थित 80 प्रतिशत दिव्यांग मतदाता अलख प्रकाश गुप्ता के घर मतदान दल पहुंचा और पोस्टल वेलेट से उनका मतदान हुआ,इस मौके पर मतदान करने वाले अलख प्रकाश गुप्ता ने निर्वाचन आयोग के इस कदम का स्वागत किया और विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से सभी कार्य छोड़कर मतदान करने की अपील की है।

उन्होंने क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल के लिए उपयुक्त प्रत्याशी के लिए मतदान किया है जो गुप्त है,इस अवसर पर मतदान केन्द्र प्रभारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि इस तरह का उनका पहला अनुभव है जब मतदान कराने के लिए मतदाता के घर जाना हुआ,ये अधिक मतदान करवाने की प्रक्रिया के लिए उठाया गया उपयुक्त स्वागत योग्य कदम है।

व्यय लेखा जमा न करने पर सात अभ्यार्थियों को नोटिस

## हो सकती है लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई

**लवकुशनगर, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र 49 चंदला से चुनाव लड़ रहे नौ प्रत्याशियों मे से सात को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है निर्वाचन अधिकारी एसडीएम देवेंद्र चौधरी द्वारा एक दिवस के अंदर स्पष्टीकरण जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है

सहायक व्यय प्रेक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की दिनांक 1 नवंबर 2023 को कार्यालय निर्वाचन अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 49 चंदला के द्वारा पत्र जारी कर समस्त अभ्यर्थियों को व्यय लेखा रजिस्टर के निरीक्षण हेतु 6,10 एवं 14 तारीख निर्धारित की गई थी इसमें अभ्यर्थी स्वयं अथवा उनके अधिकृत एजेंट को उपस्थित होकर व्यय लेखा रजिस्टर अवलोकन हेतु प्रस्तुत करना था लेकिन चुनाव लड़ रहे बीएसपी के उम्मीदवार दीनदयाल अहिरवार ,भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अहिरवार दिलीप, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अहिरवार पुष्पेंद्र, लोक जनशक्ति पार्टी के प्रत्याशी अनुरागी लखन लाल ,जन अधिकार पार्टी के प्रत्याशी योगेश प्रजापति, निर्दलीय प्रत्याशी अहिरवार रामदीन एवं निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमचंद वर्मा द्वारा निर्धारित दिनांक 6 नवंबर 2023 को प्रथम निरीक्षण हेतु व्यय लेखा का रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किया गया न ही कोई अधिकृत एजेंट उपस्थित हुआ। सहायक व्यय लेखा प्रेक्षक अखिलेश मिश्रा ने बताया की उक्त प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अवहेलना की गई है यदि नोटिस का जवाब एक दिवस के अंदर नहीं दिया जाता या प्रस्तुत जवाब समाधान कारक ना होने पर तथा व्यय लेखा रजिस्टर निरीक्षण हेतु निर्धारित तिथियां में प्रस्तुत न करने पर प्रत्याशियों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1955 की धारा- 10 (क) के अंतर्गत कार्रवाई प्रस्तावित की जा सकती है तथा आपको जारी प्रचार वाहनों की अनुमति तत्काल प्रभाव से वापस ली जा सकती है।

## कल छतरपुर आएंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

### तैयारियों में जुटा प्रशासन और भाजपा संगठन

**छतरपुर, देशबन्धु।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल यानि कि 9 नवंबर को विशाल आमसभा में शामिल होने छतरपुर पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री का दौरा सुनिश्चित होने के उपरांत जिला प्रशासन सहित संपूर्ण भाजपा संगठन कार्यक्रम की तैयारियों में जुट गया है। शहर के बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में आयोजित होने वाली जनसभा को लेकर प्रशासन उच्च स्तरीय तैयारियां कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर भाजपा संगठन भी तैयारियों में जुटा है। मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय में उक्त कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें कार्यक्रम के दायित्वों का आवंटन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष मलखान सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 नवंबर को छतरपुर शहर के बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में दोपहर 12 बजे विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। इस आम सभा में छतरपुर जिले की सभी 6 विधानसभाओं सहित पन्ना, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले की 13 विधानसभाओं के कार्यकर्ता और आमजनता शामिल होगी। सभा को सफल बनाने के लिए भाजपा का हर एक पदाधिकारी और नेता जी-जान से तैयारियों में जुटा हुआ है। मंगलवार को भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई भाजपा की बैठक में संभाग प्रभारी चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जिला चुनाव प्रभारी राजकुमार चहर, सहित सभी पदा?धिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। आमसभा में शामिल होने के लिए आम जनता को निमंत्रण देने का भी जोर-शोर से चल रहा है।

## युवा मोर्चा के सदस्यों ने भाजपा छोड़ी



**नोखजुराहो, देशबन्धु।** जैसे जैसे विधानसभा चुनाव की मतदान तारीख नजदीक आ रहे है वैसे वैसे राजनैतिक दलों के समर्थकों का दल-बदल भी जारी है,राजनगर विधानसभा क्र.50 में इन दिनों राजनैतिक दलों में काफी उथल-पुथल मची है,यहां पर भाजपा के ज्यादातर असंतुष्ट समर्थकों ने पार्टी को अलविदा कह कर कांग्रेश का दामन थाम लिया है,इसी कड़ी में खजुराहो के वार्ड क्र.14 से पार्षद तथा पूर्व भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी योगेंद्र सिंह चंदेल छुट्टेराजा ने भाजपा को झटका देते हुए विधायक नातीराजा के नेतृत्व में कांग्रेश ज्वाइन कर ली है,उन्होंने योगेन्द्र सिंह को कांग्रेश पार्टी में शामिल कराया इस मौके पर नातीराजा ने कहा कि स्थानीय भाजपा अपने पाप भुगत रही है, इसलिए भाजपा से लगातार समर्थकों का पलायन हो रहा है।

इस मौके पर योगेन्द्र सिंह चंदेल ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वी.डी.शर्मा पर संगीन आरोप लगाते हुए बताया कि श्री शर्मा अहंकार में डूबे हुए हैं छमतावान कार्यकर्ता की उपेक्षा करके केवल अपने समर्थकों को आगे कर रहे हैं और भाजपा को खत्म करने पर आमादा हैं। गौरतलब है कि इसके पहले भाजपा नेता प्रकाश पाण्डे तथा राकेश कुशवाहा भी भाजपा छोड़ कांग्रेश में शामिल हो चुके हैं सूत्र बताते हैं कि अभी इस फेयरिस्त में और भी भाजपा समर्थक पार्टी छोडऩे तैयार बैठे हैं।

## 8 साल की मासूम से दुराचार करने वाला आरोपी जिंदगी भर रहेगा जेल में, कोर्ट ने सुनाई सजा

**लवकुशनगर, देशबन्धु।** करीब ढाई साल पहले 8 साल की मासूम को उसके पिता के पास ले जाने की बात कहकर उसके साथ दुराचार करने का घिनौना मामला सामने आया था। इस मामले में आरोपी को उसके संपूर्ण जीवन तक जेल में रहने के साथ 8 हजार रुपए के जुर्माना की सजा कोर्ट ने सुनाई है।एडवोकेट लखन राजपूत ने बताया कि 8 वर्षीय पीड़िता की मां ने थाना जुझारनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 जून 2021 को वह अपनी बेटी के साथ घर पर थी। उसका पति खेत पर काम करने गया था। आरोपी अमर सिंह यादव उससे बोला कि उसकी मोटरसाइकिल में पेट्रोल नही है। पीड़िता की मां बोली पास में ही दुकान में पेट्रोल मिल जाता है। अमर सिंह उसकी बेटी को दुकान का पता बताने की बात कहकर अपने साथ ले गया। कुछ समय बाद जब उसकी बेटी घर नही आई तब उसने अपने पति को फोन से सारी बात बताई। खेत से पति घर आया और बेटी की तलाश करने लगे। मुड़हरा तिराहा के आंगे टिकरी रोड पुलिया के पास खेत में अमर सिंह बैठा दिखा। और पीड़िता जमीन में पड़ी थी। उसके गुप्तांग से खून निकल रहा था। पीड़िता ने अपने माता पिता को बताया कि अमर सिंह उसे पापा के पास ले जाने की बात कहकर यहां लाया और उसके साथ गलत काम किया। पुलिस ने अमर सिंह को गिरफ्तार कर मामला कोर्ट में पेश किया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक केएल प्रजापित ने पैरवी करते हुए मामले के सभी सबूतों और गवाहों को कोर्ट में पेश किया। और आरोपी को कठोर से कठोर सजा देने की दलील रखी। अपर सत्र न्यायाधीश विपिन कुमार लवानिया की अदालत ने अमर सिंह को दोषी करार देते हुए उम्रकैद जिसका अभिप्राय अमर सिंह के जीवन की अंतिम सांस तक है, के साथ 8 हजार रुपए के जुर्माना की सजा सुनाई।


**आम सूचना**

मेरे पक्षकार मिथलेश सिंह चौहान पत्नि कीरत सिंह चौहान निवासी ग्राम सुमरेड़ी तह. खुरई व जिला सागर म.प्र. के स्वामित्व का एक मकान जो मौजा सिमरिया चीतेभान प.ह.नं. 51, खसरा नं.- 4/2/1 व 4/2/2 में तह. खुरई जिला सागर म.प्र. में स्थित है। उक्त मकान मिथलेश सिंह चौहान ने ज्ञानवती पत्नि भागीरथ कुर्मी निवासी ग्राम सुमरेड़ी खुरई जिला सागर से क्रय किया था जिसमें विक्रय पत्र दिनांक 20/06/2007 जो ज्ञानवती कुर्मी पत्नि भागीरथ कुर्मी के नाम पर दर्ज है। जिसका पुस्तक क्रं. (अ 1) दस्तावेज क्रं. 783 है, उप पंजीयक कार्यालय खुरई में पंजीकृत है। उक्त विक्रय पत्र की मूल प्रति पक्षकार मिथलेश सिंह चौहान द्वारा कहीं गुम हो गई है। जो आज दिनांक तक मेरे पक्षकार के पास उपलब्ध नहीं है चूंकि पक्षकार मिथलेश सिंह चौहान उक्त संपत्ति पर बैंक ऋण लेना चाहती है। जिसमें किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर नीचे वर्णित पते पर सूचित करें।

दिनांक : 07.11.2023

नवीन केशरवानी (अधिवक्ता)
कार्यालय : लायर्स चेम्बर क्रं. 33
क्लर्क को-ऑपरेटिव स्टोर, सिविल कोर्ट केम्पस
सागर म.प्र. मो.- 9981061182


# छतरपुर में आज होगा अखिलेश का रोड शो

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर विधानसभा सीट के सपा प्रत्याशी बीपी चंसौरिया के समर्थन में आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव छतरपुर शहर में रोड शो एवं चुनावी आमसभा करने आ रहे हैं। इस सभा को लेकर छतरपुर विधानसभा के समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं में जबरदस्त उत्साह है। आज यानि कि बुधवार को अखिलेश यादव पहले रोड शो करेंगे जो विराज मैरिज गार्डन से शुरू होकर अदालत, छत्रसाल चौक, महल तिराहा, चौक बाजार, फब्बारा चौक होते हुए बस स्टैंड पर संपन्न होगी। बस स्टैंड पर विशाल सभा करने के बाद अखिलेश यादव अपने काफिले के साथ प्रेम-प्रतीक मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन भी करेंगे। ऐसी संभावना है कि अखिलेश यादव की इस सभा का छतरपुर विधानसभा में व्यापक असर देखने को मिलेगा। श्री चंसौरिया विधानसभा वासियों और सपा कार्यकर्ताओं से आयोजन में शामिल होने की अपील की है। अखिलेश यादव की सभा के लिए सपा प्रत्याशी बीपी चंसौरिया ने को क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए जनता को सभा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। अखिलेश यादव की इस सभा को भव्य



बनाने के लिए सपा के कई नेता और बीपी चंसौरिया के समर्थक पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि छतरपुर विधानसभा क्षेत्र कई वर्षों से विकास की बाट देख रही है। भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के कार्यशैली से जनता नाखुश है। उन्होंने कहा कि यदि छतरपुर विधानसभा क्षेत्र को विकसित बनाना है तो यह आवश्यक है कि इस बार हम इन दोनों प्रत्याशियों को जवाब देकर नए विकल्प के रूप में समाजवादी पार्टी की साइकिल को चुनें।

### पिता, पुत्र और पुत्रवधु ने किया जनसंपर्क

इन दिनों समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी बीपी चंसौरिया रात-दिन जनसंपर्क कर लोगों से आशीर्वाद मांग रहे हैं। इसी क्रम में बीते रोज श्री चंसौरिया ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरा-कीरतपुरा, आमखेरा और नया मोहल्ले में जनसंपर्क किया। इसके अलावा उनके पुत्र अंबुस चंसौरिया ने ग्राम बूढ़ा, दालौन, पुछी और नैगुवां में जनसंपर्क कर जनता से अपने पिता के लिए वोट मांगे। श्री चंसौरिया की पुत्रवधु आकांक्षा चंसौरिया ने शहर के पेप्टेक टाउन, एमपी नगर और सटई रोड पर ब्रिलियंट इंग्लिश स्कूल के समीप जनसंपर्क किया। इस दौरान जनता ने भरपूर मात्रा में स्नेह देते हुए उनका स्वागत किया और सहयोग करने का भरोसा दिया।

### पुलिस के साथ सीआईएसएफके सशस्त्र जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

# उप्र से लगे मतदान केंद्रों में बढ़ाई चौकसी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मतदान से पहले पुलिस ने यूपी से लगे बॉर्डर एरिया में निगरानी बढ़ा दी है। यूपी सीमा से लगे सभी थाना प्रभारियों को लगातार भ्रमण करने के निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने के लिए जतारा थाना पुलिस ने क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों से संवाद किया। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के तहत जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना जतारा,मोहनगढ़, कुड़ीला, बुड़ेरा थाना क्षेत्रों में पुलिस और सीआईएसएफ के सशस्त्र जवानों की संयुक्त टीम ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर विश्वास पर्ची, रेड कार्ड, यलो कार्ड और ग्रीन कार्ड बांटे गए। साथ ही लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की।

## बल्देवगढ़ थाना पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

बल्देवगढ़ थाना पुलिस ने ग्राम रानीपुरा, प्रेमपुरा, परसुवां, आहार और गनेशपुरा के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान आमजनों से जन संवाद कर विश्वास पर्चियों का वितरण किया। लोगों को निष्पक्ष मतदान कराने का आश्वासन देकर बिना डर भय के स्वेच्छा से मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## 80 वर्ष से अधिक आयु के और दिव्यांग मतदाताओं से घर पर ही कराया गया मतदान



टीकमगढ़, देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु जिले में तीनों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चिन्हांकित 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं से घर पर ही मतदान कराया जा रहा है। टीकमगढ़ जिले में वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं से मतदान कराने के लिए 32 दल गठित किए गए हैं। जिले में लगभग 423 मतदाता चिन्हित हुए हैं। प्रत्येक दल के साथ पुलिस बल और वीडियोग्राफर मौजूद है। जिले की चारों विधानसभाओं में इन दलों द्वारा आज चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर घर पर ही मतदान की प्रक्रिया पूरी गोपनीयता और सुरक्षा के साथ संपन्न कराई जा रही है। वयोवृद्ध और दिव्यांग मतदाता घर पर ही मतदान कर बेहद खुश नजर आए। इस दौरान 82 वर्षीय वयोवृद्ध मतदाता इमामन पत्नी सिकंदर ने निर्वाचन आयोग को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है। इससे ऐसे मतदाता जो शारीरिक असमर्थता के कारण मतदान नहीं कर पाते थे, वह भी मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभा रहे हैं।

# मतदान कर्मियों ने डाकमतपत्र से किया मतदान

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा के निर्देशन में आज अशासकीय पुष्पा इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं शासकीय पीजी कॉलेज टीकमगढ़ में विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़ तथा विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर के मतदान केन्द्रों में तैनात मतदान कर्मियों ने डाक मतपत्र से मतदान किया। मतदान कर्मियों ने पंक्तिबद्ध होकर बड़े उमंग और उत्सह के साथ मतदान किया। निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़ एवं विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर के लिये नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. शर्मिला मेरी जोसिफने प्रशिक्षण केन्द्रों मे पहुंचकर डाकमत पत्र से मतदान की प्रक्रिया और व्यवस्थाओं का पहुंचकर जायजा लिया। इसी प्रकार प्रशिक्षण के दौरान 8 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक पीजी कॉलेज टीकमगढ़ में विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़, विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा तथा विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर के अधिकारी/कर्मचारी डाक मतपत्र में मतदान कर सकते हैं।



### उत्तर प्रदेश राज्यसभा सांसद निषाद ने घूरा गांव में जनसभा को किया संबोधित

# भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी के पक्ष में किया जनसंपर्क



**पलेरा, देशबन्धु।** उत्तरप्रदेश के राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने बीते मंगलवार को खरगापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्रामों में भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह के पक्ष में जनसंपर्क किया। अपने निर्धारित कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत घूरा में आमसभा को संबोधित करते हुए उत्तरप्रदेश राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की उद्देश्य से लगातार भारतीय जनता पार्टी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि बहन तुलसी का दिया है, बहन आंगन की रंगोली है, बहन त्योहारों की रौनक है, बहन हिम्मत का धागा है। उन्होंने कहा कि हमारी कहानी एक दृष्टि से शुरू होती है, वह दृष्टि जो कि हर महिला को महसूस करने, सपने देखने और उन्हें पूरा करने की स्वतंत्रता प्रदान कर सके। उसके अपने सपनोंए जीवन और दृष्टि पर खुद का स्वतंत्र हक हो। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं के सम्मान में भाजपा सरकार ने लाडली बहना जैसी योजना चला कर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने कहा कि शिक्षा सशक्तिकरण का मूल है और भाजपा सरकार ने इसका पूर्ण ख्याल रखा है। भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी ने कहा कि खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने हमेशा अपार प्रेम, स्नेह और सम्मान मुझे दिया है। सबका साथ और सबका विकास करने का काम हमेशा से भारतीय जनता पार्टी ने किया है। उन्होंने उपस्थित जनता जनार्दन से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए जनता का समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की उम्मीदों को पूरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करते हुए खरगापुर विधानसभा के विकास की रफ्तार को और आगे बढ़ाएं। इस दौरान तमाम भाजपा नेता, कार्यकर्ता एवं आम जनता उपस्थित रही।

## आम रोड के किनारे शराब का सेवन कर रहे व्यक्ति को दिगौड़ा पुलिस ने गिरफ्तार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा पुलिस ने भ्रमण के दौरान नदिया तिगैला बिजरावन आम रोड पर सड़क किनारे एक व्यक्ति शराब का सेवन कर रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर व्यक्ति को पकड़कर उसका अस्पताल में परीक्षण कराकर आरोपी पर मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम को नादिया तिगैला बिजराबन रोड पर सड़क किनारे सार्वजनिक स्थान पर एक व्यक्ति विनोद कुमार अहिरवार उम्र 32 साल निवासी दिगौड़ा शराब का सेवन कर रहा था। पुलिस ने धारा 36 बी आबकारी अधिनियम के तहत दंडनीय पाए जाने पर आरोपी के कब्जे से डिस्पोजल गिलास व आधा क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा शराब जप्त की गई। पुलिस ने आरोपी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर डॉक्टर द्वारा परीक्षण कराया गया, जो शराब के नशे में था।पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की 19वीं पुण्य तिथि का कार्यक्रम



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** रविवार को सेनानी स्व. दादा नाथूराम बाल्मीकी जी की पुण्य तिथि बाल्मीकि समाज के द्वारा कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजन किया गया । कायक्रम में अंग्रेजी हुकूमत में भारत को आजादी दिलाने के इन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने संघर्ष किया । सैनानियों ने आजादी दिलाने के लिये जेलों में अमानवीय यातनाएं सही उनके परिवार के लोगों को प्रताड़ित किया गया ।इस अवसर पर अनुसूचित जाति के वक्ताओं ने इन सैनानियों के जीवन पर प्रकाश डाला। स्व. दादा लक्ष्मी नारायण नायक, स्व. नारायणदास जी खरे, स्व. दादा रामरतन चतुर्वेदी जी, स्व. दादा मगनलाल गोयल जी, नाथूराम खंगार जी, स्व. दादा नाथूराम बाल्मीकि जी, स्व. दादा सरदारसिंह बुन्देला जी ने उनके योगदान की चर्चा की और उनके द्वारा आजादी की लड़ाई में जो संघर्ष किया उस पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर यादवेन्द्र सिंह बुन्देला, आकाश सिंह बुन्देला, मोहन बाल्मीकि, बलीराम अहिरवार अध्यक्ष अजाक्स, डी.डी. अहिरवार, सेवकराम डागौर, अरविन्द बाल्मीकि, सतेन्द्र उटमालिया, जशवंत उटमालिया, सुन्दर दैनवार, प्रभुदयाल उटमालिया, डॉ. जगदीश कोरी, पवन बाल्मीकि, पुष्पेन्द्र बाल्मीकि, रमेश कुमार पारोचे, किशन लाल उटमालिया, मुकेश उटमालिया, सुरेश कुमार उटमालिया, चंदन उटमालिया, सुखनंदन झांझोट, महेश झांझोट, सज्जन बाल्मीकि, नाथूराम बाल्मीकि के परिवार की महिलाओं ने भी उक्त सैनानी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## अवैध देशी कट्टा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर आचार संहिता लागू की गई है। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर पुलिस लगातार जिले में गश्त कर अवैध शस्त्रों को रखने वाले लोगों पर कार्रवाई कर रही है। जिसके अंतर्गत दिगौड़ा पुलिस ने सोमवार की शाम को भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम बीरऊ के एक युवक के कब्जे से अवैध देशी कट्टा व जिंदा कारतूस को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया व आरोपी के खिलाफधारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता ने बताया कि रविवार की रात को क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी।पुलिस को देखते ही युवक ने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ कर उसकी तलाशी ली गई, तो उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध देशी कट्टा मय लोडेड कारतूस का मिलाए जिसका उसके पास कोई लाइसेंस नहीं था। पुलिस टीम ने कट्टा कारतूस को जप्त कर आरोपी रिंकू यादव उम्र 27 साल निवासी बीरऊ को गिरफ्तार किया गया व आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

# कांग्रेस छोड़ के सौ से अधिक सदस्यों ने ली भाजपा की सदस्यता



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** सोमवार के दिन स्थानीय एक होटल में वार्ड नं 26,27 ग्राम पंचायत डिकोली, गुदनवारा, नगर परिषद बड़ागांव,मामोम के निवासी सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने विधायक राकेश गिरी से मुलाकात की साथ ही विधायक राकेश गिरी ने सभी को फूल माला पहनकर भाजपा में शामिल किया एवं उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। वही टीकमगढ़ शहर के निवासी अभय ठाकुर, संदीप तिवारी ने अपने सो सब डेढ़ सौ सदस्यों के साथ विधायक राकेश गिरी के समक्ष भाजपा की सदस्य ग्रहण की साथी इस दौरान विधायक राकेश गिरी ने उन्हें फूल माला पहनकर भाजपा में शामिल होने पर शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही सभी ने संकल्प लिया है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत से विजय बनाएंगे और मध्य प्रदेश में अपनी सरकार बनाएंगे। इस दौरान विधायक राकेश गिरी ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों से नाराज होकर होकर वार्ड नं 27,26 ग्राम पंचायत डिकोली, गुदनवारा, नगर परिषद बड़ागांव,मामोम के निवासी आज गोपाल आर्य ,अनुज झा,रविंद्र अहिरवार,जितेंद्र सिंह तोमर, गोलू ,पुष्पेंद्र अहिरवार,सोनू अहिरवार,रामकिशन रजक,ऋषभ रजक,राजकुमार प्रजापति,रोहित प्रजापति सहित 50 से 60 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को फूल माला पहनकर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष ललित अहिरवार,प्रजातंत्र गंगेले सहित अनेक भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चेकपोस्ट पर ड्यूटी कर रहे कैमरामैन के साथ वाहन चालक ने की मारपीट, पुलिस ने किया मामला दर्ज




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** फरियादी विनय पिता राजाराम विश्वकर्मा उम्र 23 साल निवासी ग्राम ढाना थाना मोहनगढ़ ने पुलिस थाने में आकर रिपोर्ट की गई, जिसके अनुसार वह फोटोग्राफी का काम करता है। विधानसभा निर्वाचन 2023 में जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर वह वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी कार्रवाई हेतु विधानसभा क्षेत्र 45 पृथ्वीपुर के अंतर्गत तहसील मोहनगढ़ के लिए गठित एसएसटी क्रमांक 1 में दीपक शर्मा उपयंत्री पंचायत जतारा के साथ रानीगंज चेक पोस्ट पर उसकी ड्यूटी लगाई गई थी। फरियादी कैमरामैन 6 नवंबर की दोपहर करीब 2.30 बजे अपनी ड्यूटी के दौरान वाहनों की चेकिंग में फोटोग्राफी की ड्यूटी कर रहा थाए तभी पृथ्वीपुर तरफ से एक कार जिसका नंबर एमपी 09 सीपी 1567 चेक पोस्ट पर आई,जिसे पुलिस बल द्वारा रोका गया। जिसकी फरियादी कैमरे से वीडियोग्राफी करने लगा। तभी वाहन का चालक जयपाल सिंह निवासी ज्यार थाना पृथ्वीपुर गाड़ी से उतरा और फरियादी से बोला कि तुमने मेरी गाड़ी की वीडियोग्राफी कैसे की और गाली गलौज करने लगा। फरियादी ने गाली देने से मना किया तो उसके साथ वाहन चालक ने मारपीट कर दी। फरियादी की रिपोर्ट दिगौड़ा पुलिस ने वाहन चालक जयदीप सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# टीकमगढ़, खरगापुर विधानसभा के मतदान दलों के 2432 अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण संपन्न





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा के निर्देशन में आज अशासकीय पुष्पा इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं शासकीय पीजी कॉलेज टीकमगढ़ में विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़ तथा विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर के मतदान दलों के 2432 अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण उपरांत मतदान दल के गठित कर्मचारियों द्वारा वेलिट पेपर के माध्यम से मतदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण में 2432 लोगो मे से 10 लोग अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण एवं पोस्ट वैलिड से वोटिंग मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपाश्री गुप्ता की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ आरके जैन, डॉ आजाद अहमद मंसूरी, डॉ हरिमोहन राय, डॉ एबी खरे एवं 70 मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु सहायक नोडल अधिकारी जिला परियोजना समन्वयक पीआर त्रिपाठी सहायक परियोजना समन्वयक शैलेष श्रीवास्तव द्वारा करवाई गई।

## मॉक पोल की जानकारी

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान कर्मियों को मतदान दिवस पर होने वाले मॉकपोल के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि 17 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। लेकिन मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह- सुबह साढ़े पांच बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया शुरू करनी होगी। मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह साढ़े पाँच बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट सुबह साढ़े पाँच बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा।

## पुष्टीकरण पर्ची

प्रशिक्षण में पुष्टिकरण पर्ची के बारे मे जानकारी दी गई। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में दो भाग कन्ट्रोल यूनिट तथा बैलट यूनिट होता है। नई इव्हीएम में तीसरा भाग पुष्टिकरण पर्ची प्रदर्शित करने के लिए जोड़ा गया है। मतदान करने के बाद इसमें सात सेकंड तक मतदाता को पुष्टिकरण पर्ची दिखाई देगी। इसके बाद पर्ची स्वचलित रूप से कटकर सीलबंद बॉक्स में सुरक्षित भण्डारित हो जायेगी। व्हीव्हीपैट मशीन का मुख्य उद्देश्य मतदाता द्वारा किये गये मतदान कि विश्वसनीय पुष्टि करना है। मतदाता पुष्टिकरण पर्ची केवल मतदाता कि संतुष्टि के लिए है। इसका उपयोग मतगणना में नही किया जाता है।

नहीं मिले पीडीसी डाक मतपत्र

# सैकड़ों कर्मचारी वोट डालने से हो सकते हैं वचिंत





**पन्ना, देशबन्धु।** जहां एक ओर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वच्छ एवं निष्पक्ष कार्य प्रणाली से निर्वाचन कराने की घोषणा की गई है, वहीं दूसरी ओर पन्ना जिले में चुनाव प्रक्रिया को लेकर शुरूआती दौर में ही भारी अव्यवस्थाएं देखने को मिल रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा कर्मचारियो के डाक मतपत्र, वैलिड पेपर, ईडीसी भरकर जमा करने की तारीख निर्धारित की गई थी तथा इसके लिए डाइट कार्यालय एवं छत्रसाल महाविद्यालय में स्थान निर्धारित किया गया था। वहां पर जिले की तीनो विधानसभाओं के कर्मचारी जिनकी ड्यूटी चुनाव कराने मे लगाई गई थी वह उपस्थित रहे तथा उनके द्वारा पूर्व में प्रशिक्षण के दौरान डाक मतपत्र जारी करने के लिए ईडीसी आवेदन दिये गये थे। उसके बावजूद निर्धारित दिनांक को उन्हे डाक मतपत्र नही दिये गये तथा वह अपना मतदान करने से वंचित रह गये। इस व्यवस्था से कर्मचारियो में भारी नाराजगी देखी गई। बताया जाता है कि बमुश्किल से दस प्रतिशत कर्मचारी ही डाक मतपत्र जमा कर सकें। शेष कर्मचारी बिना डाक मतपत्र जमा किये ही वापिस लौट गये। इस प्रकार की अव्यवस्था से कर्मचारियो में व्यापक स्तर पर रोश देखा जा रहा है तथा विधानसभा जैसे महत्पूर्ण चुनाव में जिम्मेवार अधिकारीयों की लापरवाही सामने आ रही है।

### इनका कहना है

उक्त संबंध की जानकारी हमे प्राप्त हुई है, यदि जिन कर्मचारियो के डाक मतपत्र जारी नही हुए तथा जमा नही हुए उन्हे कल करा लिया जायेगा।

**रवी खरे, प्रभारी डाक मतपत्र एवं डाईट पन्ना**

# दमोह-पन्ना मुख्य मार्ग पर लग रहा है गैसाबाद साप्ताहिक बाजार

▶ 15 साल बाद भी किसी ने सुध नही ली



**दमोह/हटा देशबन्धु।** हटा विकासखण्ड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत मुख्यालय गैसाबाद ग्रामपंचायत में पंद्रह वर्ष पहले हायर सेकंडरी स्कूल के बाजू से हाट बाजार का निर्माण कार्य किया गया था ताकि फुटपाथी दुकानदारों और खरीददारों को सुविधा मिले ताकि उन्हें खरीददारी के लिए यहां वहां न भटकना पड़े, लाखों रुपये खर्च हो गए और निर्माण कार्य होने के बाद से समाचार लिखे जाने तक नवनिर्मित हाट बाजार में बाजार नहीं लगाया गया। मंगलवार को गैसाबाद में साप्ताहिक बाजार लगता है जो दमोह पन्ना मुख्य मार्ग पर दोनों ओर लगता है मंगलवार को पूरे बाजार में बार बार जाम की स्थिति निर्मित होती है एवं दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है कभी कभार छोटे छोटे हादसे भी सामने आते है और उन्हें स्थानीय स्तर पर सुलझा भी दिया जाता है। लाखों रुपये खर्च कर बनाए बाजार हाट को अपने स्थान पर लगवाने ना तो जनप्रतिनिधियों का ध्यान है और न ही पंचायत के सचिव का है और ना ही पुलिस प्रशासन ने ही मुख्य मार्ग पर लग रहे बाजार को विस्थापित करने की पहल की है जबकि किसी बड़ी घटना होने के बाद दोनों ही विभाग की जिम्मेदारी सामने आएंगी।

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में जमा की गई ईव्हीएम

**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए मंगलवार को रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीनें जमा कराई गईं। कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस से वाहनों द्वारा मशीनों का सुरक्षित परिवहन कर महाविद्यालय में विधानसभावार जमा कराने की कार्यवाही की गई। राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयरहाउस खोला गया। इसी तरह पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में भी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कक्ष खुलवाकर मशीनें व्यवस्थित तरीके से रखवाई गईं।

## खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर के निर्देश पर आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत खाद्य एवं सुरक्षा प्रशासन विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों पर जाकर निरंतर निगरानी एवं निरीक्षण कर खाद्य सामग्रियों का नमूना लेने की कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में पन्ना शहर सहित शाहनगर, गुनौर, रैपुरा, देवेन्द्रनगर, अजयगढ़ और अमानगंज में निरीक्षण कर मिल्क केक, दूध, बर्फी, खोवा पेड़ा मावा पनीर कलाकंद बेसन लड्डू मावा बर्फी, पोहा इत्यादि के नमूने लिए गए। साथ ही आवश्यक निर्देश एवं हिदायत दी गई कि मिलावट एवं अशुद्धता की शिकायत प्राप्त होने पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के लिए गठित टीम द्वारा निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी। जनसामान्य से अपील की गई है कि त्यौहार के मौके पर सही एवं शुद्ध खाद्य सामग्री ही खरीदें।

## कांग्रेस प्रत्याशी अजय टंडन का जनसंपर्क जारी



**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अजय टंडन के द्वारा लगातार शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में सघन जनसंपर्क का कार्यक्रम जारी है जिसके अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में ओबीसी वर्ग के वरिष्ठ नेता सुखनंदन पटेल के पुत्र बृजेश पटेल के साथ राधिका पटेल और विजय मुकद्दम के नेतृत्व में लगभग 200 लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ली। ग्रामीण क्षेत्रों में लाड़नबाग पटनम जमुनिया के संपर्क के बाद दमोह शहर की वार्डों में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए अजय टंडन ने कहा कि कमलनाथ अपने बचन के पक्के हैं वह जो कहते हैं वह करते हैं कांग्रेस ने जनहित वचन पत्र के माध्यम से सभी वर्गों के हित में घोषणा की है और जिस प्रकार जन सहयोग प्राप्त हो रहा है उसे स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि प्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है जनसंपर्क और कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष रत्नचंद जैन, प्रदेश महामंत्री मनु मिश्रा, वरिष्ठ नेता श्री हाकम सिंह, कल्लन जैन, मानक पटेल, प्रदीप पटेल, धर्मेंद्र राय, बृजेश पटेल, हुकम पटेल, विनोद पटेल, नितिन मिश्रा, गौरव पटेल, गुड्डू तिलकधारी की उपस्थिति रही।

## 3 अपराधियों पर की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**दमोह देशबन्धु।** जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 03 अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने थाना पटेरा के अनावेदक जग्गी ऊर्फजगदीश पिता अर्जुन लोधी निवासी ग्राम पिपरिया शिकारपुरा, अनावेदक लोकेन्द्र सींग पिता निरपत सींग लोधी निवासी ग्राम कुढ़ई एवं थाना तेजगढ़ के अनावेदक छिदामी अहिरवार पिता पुन्ना लाल अहिरवार निवासी ग्राम झलौन को आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि तक के लिये दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु पाबंद किया है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार अनावेदक जग्गी ऊर्फजगदीश प्रत्येक सोमवार को अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) हटा के न्यायालय में तथा अन्य अनावेदक संबंधित थानों के थाना प्रभारी के समक्ष 12 बजे से 01 बजे के मध्य अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे तथा सामान्य नागरिक की भांति नेक चाल चलन बनाकर रखेगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## गणाचार्य श्री विराग सागर के 31 वे आचार्य पदारोहण पर विविध आयोजन आज

**दमोह देशबन्धु।** परम पूज्य गणाचार्य 108 श्री विराग सागर जी महाराज के 31 वे आचार्य पदारोहण दिवस पर 8 नवंबर बुधवार को तथा पूज्य उपाध्याय श्री विश्रुत सागर जी महाराज के 47 वे अवतरण दिवस पर 9 नवंबर गुरुवार को विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्री दिगंबर जैन धर्मशाला नन्हें मन्दिर जी दमोह में किया जाएगा। श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर समिति के अध्यक्ष नवीन निराला ने बताया कि परम पूज्य गणाचार्य 108 श्री विराग सागर जी महाराज के 31 वे आचार्य पदारोहण दिवस पर 8 नवंबर बुधवार को जैन धर्मशाला में उपाध्याय श्री विश्रुत सागर जी एवं मुनि श्री निर्वेग सागर जी महाराज के सानिध्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। सुबह 8:15 बजे उपाध्याय श्री विश्रुत सागर जी का पाद प्रच्छालन, शास्त्र भेंट, गणाचार्य विराग सागर जी के पूजन उपरांत उपाध्याय श्री के प्रवचन होंगे। शाम 6:15 बजे आचार्य भक्ति आरती उपरांत 48 दीपों से भक्तांबर जी का पाठ होगा। 7:30 बजे से आचार्य जी विराग सागर जी के जीवन पर आधारित फिल्म बड़े पर्दे को प्रसारित की जाएगी। उपाध्याय श्री विश्रुत सागर का अवतरण दिवस 9 को.. श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर में वर्षा योग चातुर्मास कर रहे उपाध्याय श्री विश्रुत सागर जी महाराज का 47 वा अवतरण दिवस 9 नवंबर को जैन धर्मशाला में मनाया जाएगा। सुबह 8:15 बजे मंगलाचरण दीप प्रज्वलन, उपाध्याय श्री का पाद प्रच्छालन, शास्त्र भेंट, उपाध्याय श्री विश्रुत सागर जी की पूजन, आरती, प्रवचन होंगे। शाम 6:15 बजे महा आरती उपरांत 48 दीपों से भक्तांबर जी के पाठ, आरती सजाओ, लकी ड्रा होगा। 7:30 बजे से बड़े पर्दे पर युग प्रतिकमण, 81 श्री जी की आहार चर्या, 31 दीक्षाएं / पदारोहण संस्कार विरागोदय आदि की झलकिया बड़े पर्दे पर प्रसारित की जाएगी।

## निबंध प्रतियोगिता एवं विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न




**दमोह देशबन्धु।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव अम्बुज पाण्डेय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जिला दमोह में छात्र-छात्राओं को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिये पॉक्सो एक्ट, साईबर क्राईम एवं सुरक्षा के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राममनोहर सिंह दांगी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राममनोहर सिंह दांगी द्वारा अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को बताया कि विधिक रूप से साक्षर होना प्रत्येक नागरिक को आवश्यक है इसके अभाव में नागरिक अपराध कर बैठते हैं। उन्होने बाल अपराधों के संबंध में कहा कि दिनो-दिन बालकों के साथ अपराध बढ़ रहे है। बालकों को अपने साथ घटित होने वाले अपराधों को जानना व समझना चाहिये और अपराधी को उचित स्थान पर पहुंचाने के बारे में जानकारी होना आवश्यक है। यदि कोई आपके साथ छेड़-छाड़ करता है, कोई लगातार पीछा करता है, अश्लील वीडियो दिखाता है या आपके साथ साईबर क्राईम होता है तो उसकी जानकारी छिपाये नहीं अन्यथा अपराधी के हौसले बुलंद हो जाते है, तुरंत ही इसकी जानकारी निडरता से माता-पिता एवं शासन को देना चाहिये। यदि कोई व्यस्क व्यक्ति किसी अव्यस्क की सहमति से उसके साथ लैंगिक कृत्य करता है तो कानून में ऐसी सहमति महत्वहीन होती है। उनके द्वारा बाल अपराध होने की दशा में किशोर न्याय बोर्ड में चलने वाली प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंनें साइबर अपराध एवं पॉक्सो अधिनियम के विषय पर विस्तृत जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने शिक्षा के अधिकार एवं बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिये विधिक सेवा एवं पॉक्सो एक्ट की बारे में जानकारी दी साथ ही जिले में संचालित महिला हेल्पलाईन एवं चाईल्ड हेल्प लाईन से सहायता प्राप्त करने के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा विधि के समक्ष सभी समान है और सभी को समान न्याय प्राप्त करने का अधिकार है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जी.पी. पटैल द्वारा किया गया।

## रोटरी क्लब और आनंद विभाग ने मनाया घर घर दिवाली कार्यक्रम



**दमोह देशबन्धु।** दमोह की रोटरी क्लब और आनंद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में घर घर दिवाली कार्यक्रम के अंतर्गत मीठा और मुरमुरा के पैकेट्स का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम दमोह पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे झुग्गी बस्तियों में दमोह रोटरी क्लब पूर्व अध्यक्ष संजय जैन अरिहंत ,सचिव अभिषेक साहू., प्रो डॉ कीर्तिकाम दुबे, जिला नोडल अधिकारी आनंद विभाग एवं रमेश व्यास प्राचार्य, सहा नोडल अधिकारी आनंद विभाग के द्वारा संपन्न किया गया। जिसमे इन बस्तियों के बड़ी संख्या में परिवारों के साथ मीठा और मुरमरा आदि सामग्री का दीपावली पर्व को हर्षोल्लास से मनाने हेतु प्रदान करते हुए शुभकामनाओं के साथ आगामी 17नवंबर को मतदान करने की अपील भी गई।

## लोधी को व्यय पंजी निर्धारित समय पर अवलोकन नहीं कराने के आरोप में किया नोटिस जारी

**दमोह देशबन्धु।** रिटर्निंग आफीसर विधानसभा क्षेत्र 55- दमोह ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77(1) के अंतर्गत 55-दमोह के अभ्यर्थी द्रगपाल सिंह लोधी को व्यय पंजी का अवलोकन निर्धारित तिथि में नहीं कराये जाने के आरोप में नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा है नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर स्वयं या अभिकर्ता के माध्यम से दैनिक निर्वाचन व्यय पंजी का अवलोकन कराया जाना सुनिश्चित कराये, अन्यथा भारतीय दंड संहिता की धारा 171 आई के तहत कार्यवाही की जायेगी। ज्ञातव्य है विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत निर्वाचन व्यय संधारण करने निर्वाचन व्यय पुस्तिका अभ्यर्थियों को प्रदान की गई है। निर्वाचन व्यय पुस्तिका में दिन प्रतिदिन के निर्वाचन व्ययों का लेखा रखा जाना है, व्यय पंजी के अवलोकन कराने हेतु नियत तिथि 06 नवम्बर 2023 तय की गई थी, विधानसभा क्षेत्र 55-दमोह के ग्राम दतला पोस्ट सेमरा मढ़िया निवासी अभ्यर्थी द्रगपाल सिंह लोधी द्वारा स्वयं या अपने व्यय अभिकर्ता के माध्यम से व्यय पुस्तिका का अवलोकन कार्यालयीन समय में कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष क्रमांक-10 में लेखा दल को नहीं कराया गया है।

## वोट करेगा दमोह... आगे बढ़ेगा दमोह




**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिला निर्वाचन स्वीप अभियान के जिला सदस्य एवं शासकीय नवीन कन्या हाई स्कूल अभाना के प्राचार्य डॉक्टर आलोक सोनवलकर एवम् मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बेक के सानिध्य में जिला क्षय केंद्र दमोह में शत प्रतिशत मतदान अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान और सेल्फी अभियान की शुरुआत की गई है जिसमें डीटीओ डॉक्टर गौरव जैन, डीपीसी दीपक सिंह राजपूत, एसटीएलएस राजेश उपाध्याय, एसटीएस चेतन अग्रवाल, एसटीएलएस भूषण पटेल, टीबीएचबी सुरेंद्र दुबे, एसटीएस कमल श्रीवास्तव, मनीष खरे, अभिषेक तिवारी, रितु अहिरवार, राखी ताम्रकार, राधा लोधी, टीबी चौंपियन स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं टीबी मरीजों आदि मतदाता नागरिकों को मतदान कराने हेतु मतदाता शपथ दिलायी एवं वोट डालने जाना है अपना कर्तव्य निभाना है, अपना वोट निडर और निर्भय होकर देने के लिए, आम जनमानस को जागरूक किया, उपरोक्त कार्यक्रम में उत्कृष्ट शिक्षा एवं स्वास्थ्य महिला समिति, दमोह से अनीता राजपूत, वर्षा शुक्ला, नरेंद्र सिंह, दुर्गेश परोहा आदि पदाधिकारीयो के द्वारा सभी को अपने वोट के अधिकार के बारे में जानकारी दी. सभी उपस्थित नागरिकों को 17 नवंबर 2023 को 100: मतदान की ष्सामूहिक शपथष् भी दिलाई गई, मतदान जन जागरूकता स्वीप अभियान मैं आभार डीपीसी दीपक सिंह राजपूत ने माना।

बूढ़ा हटा में कुएं के कब्जे पर 10 वर्ष पहले बेदखली आदेश

## कब्जाधारी और प्रशासन में समझौता

**दमोह/हटा देशबन्धु।** नगर में चारो ओर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर दुकान मकान बनाए गए है सैकड़ों की संख्या में कच्चे पक्के अतिक्रमण है जिन्हें चिन्हित करके प्रशासन जब तब नेताओ के हित साधन के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू करती है, फिर नेताओं के हित साधने के लिए धीरे से बंद कर देती है। ऐसा ही एक मामला बूढ़ा हटा से सामने आया है जहां सीएम राइज स्कूल की जमीन एवं सार्वजनिक कुआं पर करीब दस वर्षो से अतिक्रमण पर बेदखली तहसीलदार द्वारा आदेश पारित किया जा चुका है लेकिन राजनीति के चक्कर के चलते यह अतिक्रमण अभी तक नहीं हट पाया है। शासकीय भूमि के खसरा नम्बर 30 हल्का बूढ़ा हटा में रकवा 0.668 पर शासकीय सैर पर बने कुएं पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल का कब्जा राजस्व प्रकरण क्रमांक 82 आ/68/2012-13 में तहसीलदार द्वारा पारित आदेश दिनांक 25.4.13 द्वारा प्रमाणित पाकर बेदखली आदेश पारित किया गया था ।जिस पर एस डी एम न्यायालय में अपील के दौरान यह तथ्य सामने आए की कुआ को सुरक्षा की दृष्टि से दुर्घटना रोकने बाउंड्री के भीतर किया गया है। कुआ के पास आने जाने रोक नही है ,उक्त प्रकरण में 25-8-2017 को बेदखली आदेश निरस्त कर दिया गया लेकिन आदेश के बाबजूद भी वार्डवासी कुएं के उपयोग से बंचित है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल के द्वारा बनाई गई बाउंडरी वाल के भीतर कुआ आ जाने से सार्वजनकि उपयोग नही हो पा रहा है। अब देखना यह होगा कि राजनैतिक उपआहओ की स्थिति में वार्ड वासियों को कुआं उपयोग के लिए मिल पाता है या ऐसे ही पेयजल की समस्या से जूझना पड़ेगा।

# सामान्य प्रेक्षकों ने की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

▶ समय सीमा में शिकायतों के निराकरण के दिए निर्देश



**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत पवई विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक जीएस पाण्डा दास एवं पन्ना एवं गुनौर विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक पी मधुसूदन रेड्डी ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक और सभी रिटर्निंग अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन तैयारियों व गतिविधियों की समीक्षा की और भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन संबंधी समस्त कार्यवाहियां संपादित कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरजिंदर सिंह सहित उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह भी उपस्थित थीं। प्रेक्षकद्वय ने निर्देश दिए कि निर्वाचन संबंधी दैनंदिन गतिविधियों से अवगत कराया जाए। ऑनलाइन सी विजिल एप, 1950 हेल्पलाइन नंबर और शिकायत कन्ट्रोल रूम में निर्वाचन संबंधी प्राप्त शिकायतें सही पाये जाने पर समय सीमा में तत्काल निराकरण के लिए निर्देशित किया। 80 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग मतदाताओं के घर से मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही आगामी दो दिवस में कमिशनिंग एवं कैण्डसेट की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी रिटर्निंग अधिकारियों से विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत गतिविधियों की जानकारी लेकर सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर पुनः भ्रमण कर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित करने के निर्देश भी दिए। प्रेक्षकगण ने विधानसभावार निराकृत शिकायतों की जानकारी लेकर समीक्षा की। इसके अलावा एपिक कार्ड वितरण, मतदान केन्द्रों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था और व्यवस्था प्रभारी की नियुक्ति सहित मतदाता पर्ची वितरण, दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान केन्द्र तक आवागमन एवं वापसी के लिए वाहन व्यवस्था, कम्युनिकेशन प्लान और निर्वाचन कार्यों के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए अन्य आवश्यक निर्देश दिए। मतदान दलों के हैण्ड्सऑन ट्रेनिंग, परिवहन व्यवस्था, कन्ट्रोल रूम के गठन, शेडो एरिया वाले मतदान केन्द्रों पर नेटवर्क व्यवस्था और एफएसटी एवं एसएसटी टीम द्वारा विभिन्न जप्तियों के संबंध में भी जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बैठक में डाक मतपत्र से मतदान दलों को मतदान की सुविधा, मतदाता सूची, दिव्यांग मतदाताओं को मिलने वाली सुविधाओं, मतदान दल के प्रशिक्षण, शुष्क दिवस की कार्यवाही, पेड न्यूज मॉनिटरिंग और मतदान दिवस पर अन्य आवश्यक तैयारियों के बारे में जानकारी से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक द्वारा विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर कानून व्यवस्था, पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल की तैनाती और विभिन्न जप्तियों के संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी दी गई।

# लोकतंत्र की समृद्धि एवं शत-प्रतिशत मतदान के लिए हजारों मातृशक्ति ने निकाली स्कूटी रैली





**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य एवं डॉ. हरिसिंह गौर केन्द्रीय विवि की कुलपति डॉ. नीलिमा गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में लोकतंत्र में मतदान के महत्व को समझाते हुये सागर नगर की लगभग 1000 महिला मतदाताओं ने स्कूटी रैली निकाली। यह रैली डॉ. हरिसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय गौर मूर्ति से सिंविल लाइन होते हुये मकरोनिया में 10वीं बटालियन पर जाकर समाप्त हुई। रैली के प्रभारी एडीएम सपना त्रिपाठी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी रहीं, जिन्होंने स्कूटी चलाकर रैली को आरंभ किया। रैली को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य एवं कुलपति डॉ. नीलिमा गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के आगे मुख्य कार्यपालन आधिकारी जिला पंचायत पीसी शर्मा द्वारा लिखित गीत को मतदाता जागरूकता रथ पर प्रसारित किया गया। कार्य के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए आयोग द्वारा स्वीप समिति के माध्यम से अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में महिला मतदाताओं के द्वारा मंगलवार को विशाल स्कूटी रैली निकाली गई है। जिसका उद्देश्य मतदान दिवस पर मतदाताओं को मतदान की नैतिक जिम्मेदारी को समझाना है। रैली के पूर्व मतदाता जागरूकता के लिए सांप सीढ़ी का खेल भी महिला मतदाताओं ने खेला जिसमें मतदान के नियम मानने पर मतदाता सीढ़ी से ऊपर जाता है तथा मतदान के नियम तोड़ने पर सांप के द्वारा उसे नीचे भेजा जाता है। कार्यक्रम में डॉ. अमर कुमार जैन, जिला स्वीप कार्डिनेटर डॉ. आंनद तिवारी प्राचार्य, डॉ. अरिविन्द जैन प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन, जिला शहरी परियोजना अधिकारी सचिन मासीह, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी, जिला खेल अधिकारी प्रदीप अबिद्रा, डीपीसी गिरीश मिश्रा, प्रभास मड़ोतिया का विशेष सहयोग रहा।

## रियर एडमिरल, अतिरिक्त महानिदेशक ने एनसीसी ग्रुप मुख्यालय दौरा किया



**सागर, देशबन्धु।** अतिरिक्त महानिदेशक रियर एडमिरल पुनित चड्ढा नई दिल्ली ने एनसीसी ग्रुप मुख्यालय का मंगलवार को दौरा किया। उन्होंने एनसीसी ग्रुप मुख्यालय और सागर की एनसीसी यूनिट के सभी अधिकारियों से मुलाकात की। यात्रा के दौरान उन्हें एनसीसी कैडेटों द्वारा गार्ड ऑफऑनर प्रदान किया गया। ब्रिगेडियर अशोक मनोचा ग्रुप कमांडर एनसीसी मुख्यालय द्वारा उन्हें एनसीसी ग्रुप मुख्यालय और इसकी इकाई जो सागर, कटनी, छतरपुर और रीवा जिले में स्थित की जा रही विभिन्न एनसीसी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने एनसीसी कैडेट और एनसीसी ग्रुप मुख्यालय सागर के कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

## 37 वे नेशनल गेम्स में यामिनी मौर्य ने जुडो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण



**सागर, देशबन्धु।** सागर के पुरानी सदर की यामिनी मौर्य ने गोवा में हुए 37 वें नेशनल गेम्स जूडो प्रतियोगिता में 57 कि. ग्राम में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर यामिनी मौर्य एवं कोच दीपक कुमार को मप्र जूडो एसोसियशन अध्यक्ष जगदीप सिंह संधू एवं टेक्निकल चौयरमेन कुरूशदीन शाह, सचिव नरेशटडवाडे एवं अंतर्राष्ट्रीय रैफरी डॉ. पूर्णिमा विसेन एवं आबिद खान, अशोक नामदेव एवं समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी। यह जानकारी जिला जूडो एसोसियशन के सचिव एवं मुख्य प्रशिक्षक दीपक कुमार ने दी।

## प्रेक्षक प्रेम कुमार व्हीआर ने किया एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीना विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक प्रेम कुमार व्हीआर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में बनाये गए मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया से संबंधित खबरों, विज्ञापनों और पेपर कटिंग के साथ-साथ प्री सर्टिफिकेशन के लिए आए आवेदनों का ब्यौरा लिया। इसके साथ ही आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों की भी जानकारी ली। प्रेम कुमार ने सोशल मीडिया के संबंध में निर्देश दिए कि सभी विधानसभाओं से संबंधित प्रत्याशियों के विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पैनी नजर रखें। उन्होंने सागर जिले के लोकल यूट्यूब चैनलों पर चलाई जाने वाले वाली खबरों के संबंध में निर्देशित किया किया ऐसे सभी चैनलों की भी लगातार मॉनिटरिंग की जाये। उन्होंने कहा कि चुनाव पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए यह आवश्यक है कि पेड न्यूज जैसे मामलों पर कार्रवाई की जाये। निरीक्षण के दौरान एमसीएमसी कक्ष में नियुक्त अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### 53 प्रशिक्षण स्थलों पर होगा आज से मतदान दलों का प्रशिक्षण

## मतदान दल के सदस्य फार्म 12 एवं एपिक कार्ड लेकर अवश्य आएं: श्री आर्य

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित प्रशिक्षण केंद्रों पर 8, 9 एवं 10 नवम्बर को डाक मत पत्र हेतु सुविधा केंद्र एफसी बनाए गए हैं। जिनमें निर्वाचन कार्य में ड्यूटीरत कर्मी अपने प्रशिक्षण केंद्र पर ही डाक मतपत्र का उपयोग कर सकेंगे, ताकि उन्हें अन्यत्र एफसी पर डाक मतपत्र वोटिंग हेतु जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। मतदान दल के सभी सदस्य फार्म 12 एवं एपिक कार्ड लेकर अवश्य आना होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने उक्त निर्देश मतदान दलों के प्रशिक्षण में संलग्न समस्त अधिकारी कर्मचारियों को दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख कार्यालय प्रमुख तथा नोडल अधिकारी पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य, अग्निशमन, पेयजल आपूर्ति, ऊर्जा एवं अन्य सभी अपने विभाग के निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न कर्मियो को सुविधा केंद्र एफसी पर उनके प्रशिक्षण दिनांकों में प्रशिक्षण स्थल पर ही डाक मत पत्र सुविधा का लाभ पात्रतानुसार निर्धारित दस्तावेजों के साथ लेने हेतु निर्देशित करें। विधानसभा क्षेत्रनुसार प्रशिक्षण केन्द्र विधानसभा क्षेत्र बीना के लिए शास. पॉलीटेक्निक महाविद्यालस सागर में प्रशिक्षण केन्द्र 6, खुरई में के लिए शास. ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय तिली सागर में प्रशिक्षण केन्द्र 6, सुरखी के लिए शास. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय सागर में प्रशिक्षण केन्द्र 7, देवरी के लिए जैन उ.मा. विद्यालय बस स्टेंड सागर में प्रशिक्षण केन्द्र 6, रहली के लिए शास. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सागर में प्रशिक्षण केन्द्र 8, नरयावली के लिए शास. एम.एल.बी. क्र. 1 उ.मा.वि बस स्टेड के पास सागर में प्रशिक्षण केन्द्र 7, सागर के लिए केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 कैंट सागर में 6 एवं बंडा के लिए शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में प्रशिक्षण केन्द्र 7 बनाये गये है।

## आबकारी विभाग ने 56 लीटर शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**बीना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को अवैध शराब की बिक्री की सूचना पर दबिश देकर आबकारी विभाग ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर 56 लीटर शराब जब्त की है। आबकारी वृत प्रभारी उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि दबिश के दौरान आरोपी प्राण सिंह पिता राम सिंह कुर्मी निवासी गौहर थाना आगासौद से 3 बोरियों में 337 पाव देशी मदिरा कुल 60.6 बल्क लीटर मदिरा पकड़ी गई। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई के दौरान आबकारी वृत प्रभारी उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक सियाराम चौधरी, रूप किशोर मिश्रा, प्रदीप दुब, संध्या कुलस्ते, मनोरमा, हेमंत कुशवाहा, दीपक शाक्य आदि उपस्थित रहे।

## सेवा, सहयोग देकर हम छोटे लोगों को भी अपनी तरह बना सकते हैं: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** दीपावली पर्व पर जो असमर्थ लोग हैं उनको वस्त्र फल मेवा आदि वस्तुये उपहार स्वरूप प्रदान कर उनकी मदद करनी चाहिये यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा प्रत्येक समाज अगर सेवा मदद सहयोग देकर कार्य करें तो हम छोटे लोगों को भी अपनी तरह बना सकते हैं और उनकी दीपावली में अपना समर्पण कर उनकी खुशी और अपनी खुशी दोनों बढ़ा सकते हैं। हर समाज में ऐसे परिवार मौजूद हैं बस खोजने की जरूरत है। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा कि जो हमारे यहां कर्मचारी हैं उनकी जरूरत का भी ध्यान रखें। हमारी संपदा धन सब उनकी मेहनत का फल है इसलिए उन्हें खुश रखें। ऑफिस दुकान फैक्ट्री हर जगह स्टाफ को सहयोग एवं मदद करके उनकी दीवाली अच्छी तरह से मनवाये। सबकी दीपावली अच्छी हो ऐसी कामना करें। आज अहिंसा अभियान के अंतर्गत अंकुर बाल विद्यालय में मुनि संघ का उद्बोधन हुआ और छात्र-छात्राओं ने पटाखों का त्याग करने का संकल्प लिया।

### गौर जयंती पर गौर पीठ द्वारा साहित्य प्रदर्शिनी का आयोजन होगा: प्रो. राजपूत

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. सर हरीसिंह गौर के जन्मदिवस गौर जयंती के अवसर पर गौर पीठ द्वारा साहित्य प्रदर्शिनी का आयोजन किया जायेगा, जिसमें डॉ. गौर द्वारा लिखित साहित्य और उनसे संबंधित साहित्य जन सामान्य के लिये दर्शनार्थ सुलभ होगा। इस संबंध में गौर पीठ के समन्वयक प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा कि डॉ. गौर की रचनाधर्मिता हम सबके लिये प्रेरणा का स्रोत है। उनके द्वारा लिखित पुस्तके ग्रंथ, विचार, संकलन, समीक्षा, टीका और संकलन विश्वविद्यालय के गौर कक्ष में संरक्षित है। सागर विश्वविद्यालय उनकी अनूठी रचना है। डॉ. गौर पर शोध परक साहित्य भी संजोया जा रहा है। डॉ. गौर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर नये शोध को भी गति देने के लिये भी प्रयास प्रारम्भ हो चुके हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के निर्देशन में इस दिशा में तैयारिया शुरु हो चुकी हैं। कार्ययोजना को साकार रूप देने के लिये प्रो. दिवाकर सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक की गयी, जिसमें प्रो. आशीष वर्मा, डॉ. ललित मोहन, डॉ. संजीव सराफ, डॉ. मुकेश साहू, डॉ. नीलम थापा, ज्योति भारद्वाज, प्रियंका यादव, अनुराधा शुक्ला, डॉ. संदीप रावत आदि ने सहभागिता की। बैठक में विचार रखे गये कि डॉ. गौर से संबंधित साहित्य का प्रकाशन, वस्तुओ का संरक्षण और डॉक्युमेंट्रीरीज आदि के साथ ही भारत रत्न की दिशा में भी तेजी लाना है। गौरपीठ के दानदाताओं के नामो की सूची और विचारों को भी सहेज कर प्रदर्शित करना है। शीघ्र ही विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की जायेगी।

## भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा 74 वां स्थापना दिवस मनाया



**सागर, देशबन्धु।** भारत स्काउट एवं गाइड मप्र द्वारा 74 वां स्थापना दिवस 7 नवंबर से सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दीपक आर्य, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मनीष वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन को ध्वज का स्टीकर लगाया गया। साथ ही स्काउट गाइड की मूल भावना से अवगत कराते हुए फण्ड एकत्र किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर सहा. संचालक जेडी आशुतोष गोस्वामी, संजय कुमार सेंगर, मनीषा एलेक्जेडर, प्राचार्य शा. उत्कृष्ठ उ.मा.वि सुधीर तिवारी एवं समस्त स्टॉफ ध्वज स्टीकर लगाकर सम्मानित किया। भारत स्काउट एवं गाइड के स्थापना दिवस पर शा. उत्कृष्ठ उ.मा.वि. के स्काउट गाइड को कृष्णा साहू मेसेंजर ऑफ पीस कॉडिनेटर द्वारा मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई गई एवं सहयोग की अपील की गई। इस अवसर पर एएसओसी कंचन सिंह, डीटीसी स्काउट गौरीशंकर शर्मा, कृष्णा साहू, राष्ट्रपति रोवर भगवान सिंह, सुरेश चन्द्र जैन, चमेली जैन एवं प्रयांक गुप्ता आदि द्वारा संभाग के समस्त विद्यालयों में स्थापना दिवस एवं मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किये गए।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निगम अधिकारी कर्मचारियों की वाहन रैली आज

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदान करने मतदाताओं को जागरूक करने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विभिन्न नवाचार किये जा रहे हैं, इसी क्रम में निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार निगम के करसंग्रहको और फील्ड कर्मचारियों द्वारा वार्ड में मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु लगातार जागरूक किया जा रहा है, इसी क्रम में आज प्रात: 8 बजे नगर निगम कार्यालय परिसर से एक विशाल वाहन रैली निकाली जा रही है जो नगर के समस्त वार्डों से होते हुए वापस निगम कार्यालय में समाप्त होगी, रैली का उद्देश्य मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक करना है। मतदाता जागरूकता रैली में समस्त नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी शामिल रहेंगे।

### समय सीमा में शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण किया जाये

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए निर्धारित समय सीमा में शत-प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण किया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने संबधितों को दिए है। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन हेतु सागर जिले की 8 विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाताओं को मतदान करने के लिए फोटो युक्त मतदाता पर्ची का वितरण किया जाना है। उन्होंने निर्देश दिए की यह कार्य समय सीमा में पूर्ण साथ ही प्रतिदिन की जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रस्तुत करें।

## दृष्टिहीन किसान की 5 एकड़ जमीन पर पड़ोसी किसान ने किया कब्जा

### कोर्ट के आदेश के बाद भी प्रशासन दृष्टिहीन को नहीं दिला पा रहा उसकी जमीन, तहसील कार्यालय के बाहर रोता बिलखता परिवार



**जैसीनगर, देशबन्धु।** जिले के जैसीनगर तहसील कार्यालय के बाहर रोता बिलखता यह किसान परिवार दरअसल अपनी जमीन का कब्जा दिलाने की गुहार लेकर आया था, बता दे कि मामले में एसडीएम कोर्ट द्वारा भी किसान को कब्जा दिलाने के आदेश भी 3 साल पहले जारी हो चुके हैं उसके बाद भी यह किसान अपनी जमीन का कब्जा दिलाने तहसीली और बिलहरा पुलिस चौकी के चक्कर लगा लगाकर परेशान हो चुका है। मामला जैसीनगर तहसील की टप्पा तहसील बिलहरा के बक्सवाहा गांव का है जहां के रहने वाले किसान बहादुर अहिरवार जो दृष्टिहीन है और लगभग आज से 5 साल पहले उनकी 5 एकड़ जमीन पर उसके पड़ोसी किसान सेवक अहिरवार ने दबंगता पूर्वक कब्जा कर लिया वहीं जमीन को लेकर एसडीएम कोर्ट ने बहादुर के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कब्जा दिलाने के आदेश भी 2020 में पारित किए हैं और कोर्ट के आदेश के बावजूद भी पुलिस प्रशासन उसकी जमीन का कब्जा बहादुर को नहीं दिला पाया। बहादुर का कहना है कि कई बार तहसील और पुलिस चौकी के भी चक्कर लगाए लेकिन सामने वाला दबंग और पैसे वाला है। पुलिस उल्टा ही उन्हें ही पकड़ कर ले गई। वही बहादुर अपने परिवार के साथ जैसीनगर तहसील कार्यालय पहुंचा जहां पूरा परिवार रो रहा था। तभी मीडिया की नजर परिवार पर पड़ी तो पूरा मामला सामने आया। मीडिया ने इस संबंध में जैसीनगर तहसीलदार अनिल कुमार कुशवाहा से बात की तो उन्होंने कहा कि यह मामला आज ही मेरी संज्ञान में आया है यह मामला बिलहरा टप्पा तहसील से संबंधित है और नायब तहसीलदार चुनावी कार्य में व्यस्त है और जैसे ही चुनाव सम्पन्न होता है। पूरे मामले में विधिवत कार्यवाही करते हुए किसान को कब्जा दिलाया जाएगा।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।